UPHIN/2009/27457

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

● वर्ष : 09 ● अंक : 10 ● लखनऊ, सोमवार 7 अक्टूबर 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

4 हरियाणा में बैकफुट पर बीजेपी!

5 व्यक्तित्व में निखार आए तो आम...

6 डीएम ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़े...

# सीएम ने अधिवक्ताओं को दी नसीहत

## जहां एक साल पहले हुआ था वर्ल्ड कप, वहां सीएम योगी ने आजमाया क्रिकेट के बल्ले पर हाथ

संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में 36वें अखिल भारतीय एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे इकाना स्टेडियम में बल्ले से जौहर दिखाएं जहां करीब 1 साल पहले विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले खेले गए थे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष वकील एनके सेठ ने कहा कि लखनऊ में इससे पहले साल 2006 में यह टूर्नामेंट खेला गया था। यह टूर्नामेंट हर साल खेला जाता है। उद्घाटन समारोह में जस्टिस एआर मसूदी, जस्टिस संगीता चन्द्रा और जस्टिस राजेश सिंह चौहान गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर रहे।इस बार 36 मुकाबले खेले जाएंगे।फाइनल मैच का प्रसारण दूरदर्शन के स्पोर्ट्स चैनल पर लाइव किया जाएगा।

इस अवसर पर सीएम योगी ने देश भर से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आए अधिवक्ताओं को खेल में टीम भावना के महत्व के बारे में नसीहत दी। उन्होंने कहा कि खेल हम सबको एक टीम की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। हमारे पास टीम वर्क की क्षमता है तो हमारी सफलता की गुंजाइश उतनी ही ज्यादा हो जाती है लेकिन यदि हम टीम वर्क नहीं कर पा रहे हैं तो हमारे असफल होने की गुंजाइश भी उतनी ही ज्यादा हो जाती है।

उन्होंने कहा कि हर जीत हमें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है, लेकिन हर हार भी हमारे सामने एक नया सबक होती है और हमें और भी नए प्रोत्साहन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने प्रतियोगिता में प्रदान की जाने वाली ट्रॉफी का भी अनावरण किया। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही सभी टीमों के कप्तानों के साथ ग्रुप फोटो शूट भी कराया और उन्हें किट का भी वितरण किया।

बेंच और बार की मौजूदगी लोगों को देगी प्रेरणा- सीएम ने कहा कि खेल हम सबको जोड़ने का काम करता है और फिर जब यह आयोजन हमारे राज्य में हो तो हमारा नैतिक दायित्व भी बनता है कि हम इससे प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहभागी बनें और इस आयोजन को प्रोत्साहित करें। जब प्रतिष्ठित टीमें इसमें भाग ले रही हैं, जिसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेंच भी हो और बार भी हो, तो यह न केवल रोचक होता है, बल्कि लोगों को एक प्रेरणा भी देता है।

इस अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच के सीनियर जज न्यायमूर्ति एआर मसूदी, न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा, न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान, अध्यक्ष ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन समिति वरिष्ठ अधिवक्ता एनके सेठ, सीआर संथल कृष्णन,जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रयागराज और लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति उपस्थित रहे।

> *मन को जगाना जरूरी- न्यायमूर्ति एआर मसूदी ने कहा कि आज दो संस्था के मिलन का दिन है। न्यायपालिका का सौभाग्य है कि आप ने हमें पैदा कर के स्वतंत्र कर दिया। जब तक हम समाज के संपूर्ण उद्देश्य को प्राप्त नहीं करते हैं, हम रुकेंगे नहीं। हम सिर्फ आवाज उस वक्त उठाते हैं, जब बच्चे को खाना मांगने के लिए रोना पड़ता है।*
>
> **एआर मसूदी**

# सहारनपुर में चौकी पर पथराव

## [पुलिसकर्मियों ने भागकर बचाई जान]

संवाददाता



**सहारनपुर।** डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के विवादित बयान को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। मुस्लिम समाज के लोगों ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रविवार को विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस चौकी पर पथराव कर दिया।

मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र की शेखपुरा पुलिस चौकी का है। यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर दिए गए बयान के विरोध में हजारों लोगों ने आज जुलूस निकाला। कुछ लोगों ने शेखपुरा चौकी पर पुलिस को ज्ञापन भी दिया। तभी जुलूस में शामिल अराजक तत्वों ने पुलिस चौकी पर पथराव कर दिया।

सहारनपुर के एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि रविवार को शेखपुरा चौकी पर कुछ ग्रामीणों ने एक ज्ञापन दिया। इसके बाद प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने हालात बिगड़ते देख तुरंत कार्रवाई की। फिलहाल पथराव की घटना को लेकर अराजक तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी मांगलिक ने कहा, महंत यति नरसिंहानंद ने एक टिप्पणी की थी। उनके बयान के विरोध में ही आज पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय पुलिस द्वारा महंत यति नरसिंहानंद को हिरासत में लिए जाने के बारे में लोगों को सूचित कर दिया गया था। पुलिस को शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन कुछ लोगों ने शांति भंग करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पथराव करने वाले उपद्रवियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें बनाई गई हैं और जल्द ही उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि महंत यति नरसिंहानंद की टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज में नाराजगी है। इसी के मद्देनजर देश के कई राज्यों में विरोध-प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। फिलहाल सहारनपुर पुलिस और प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही पुलिस ने पथराव की घटना के बाद सहारनपुर में सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी है।

## [कहा- उज्ज्वल भविष्य के लिए वैश्विक शांति आवश्यक]

# पीएम ने न्यायविदों को लिखा पत्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ और 10 अक्तूबर को लंदन में होने वाले न्यायविदों और लेखकों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर आयोजकों को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा कि वैश्विक शांति उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने लिखा कि हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता राष्ट्र और समुदायों के बीच एकता और सहयोग पर निर्भर करती है।

सम्मेलन के आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता और अंतरराष्ट्रीय न्यायविद परिषद और अंतरराष्ट्रीय लेखक आयोग के अध्यक्ष आदिश सी अग्रवाल को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने लिखा कि वैश्विक शांति उज्ज्वल भविष्य के लिए मौलिक है। उन्होंने लिखा कि हमारे साझा प्रयास एकता पर निर्भर करते हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर शांति के लिए भारत की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। पीएम ने लिखा कि मुख्य न्यायाधीश, मंत्री, संसद सदस्यों, बार नेताओं, लेखकों, संपादकों और कानून शिक्षकों की सामूहिक विशेषज्ञता वैश्विक शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि नए संघर्ष राष्ट्रों की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता को खतरा पहुंचाते हैं। इन चुनौतियों का सामना केवल वैश्विक कार्रवाई और लोगों के बीच आपसी जुड़ाव के माध्यम से ही प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। पीएम ने कहा कि भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के दर्शन से प्रेरित और वैश्विक शांति, एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

# सरकार लाठी बजाएगी तो जाएगी

## हरियाणा एग्जिट पोल पर बोले टिकैत- किसानों ने बदला ले लिया

संवाददाता



**लखनऊ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल से किसान नेता राकेश टिकैत गदगद दिखाई दे रहे हैं। भले ही वोटों की गिनती अभी आठ अक्टूबर को होनी है लेकिन एग्जिट पोल को ही टिकैत ने हरियाणा विधानसभा चुनाव का रिजल्ट भी मान लिया है। राकेश टिकैत ने भाजपा की संभावित हार को किसानों का बदला करार दिया है। टिकैट ने कहा कि सरकार लाठी बजाएगी तो जाएगी। यहां के किसानों ने भाजपा को हराकर बदला ले लिया है। कहा कि किसान तो लाठी चलाएगा नहीं। उसके पास चुनाव ही ऐसा मौका है जब बदला लिया जा सकता है। इस बार किसानों ने बदला ले लिया है। कहा कि वहां का रिजल्ट आ गया है। भाजपा सरकार हार रही है और कांग्रेस वहां आ रही है। राकेश टिकैत लखनऊ में आयोजित किसानों और मजदूरों की महापंचायत के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद जारी एग्जिट पोल पर हुए सवाल पर टिकैत ने कहा कि हरियाणा में सरकार निपट गई, हार गई। गौरतलब है कि शनिवार को अंतिम चरण की वोटिंग के बाद हुए एग्जिट पोल में भाजपा बहुमत के आंकड़े से काफी दूर नजर आ रही है। लगभग सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है।

इको गार्डन में आयोजित महापंचायत में राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की फसलों को लूटा जा रहा है और उनकी जमीनों पर भी खतरा मंडरा रहा है। सर्किल रेट नहीं बढ़ रहा है। लखनऊ में तो कहा जाता है कि भुगतान हो गया है, लेकिन धरातल पर यह सच नहीं है।

# यूट्यूब ने बग समस्या के बाद सभी चैनलों को बहाल किया

**नई दिल्ली।** गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने बताया कि उसने सभी चैनल और अधिकांश वीडियो को फिर से बहाल कर दिया है, जिन्हें तकनीकी गड़बड़ी या बग के कारण हटाया गया था। एक बग के कारण कुछ चैनलों को गलत तरीके से स्पैम के रूप में चिह्नित करने और उन्हें हटा देने के बाद, यूट्यूब ने इस समस्या को ठीक करने पर काम करना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को यूट्यूब ने लिखा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सभी चैनल और अधिकांश वीडियो जिन्हें गलत तरीके से हटा दिया गया था, उन्हें बहाल कर दिया गया है और सदस्यता बहाल कर दी गई है (हम अभी भी अंतिम कुछ पर काम कर रहे हैं, कृपया धैर्य रखें)।

# नगर पंचायत शिवगढ़ की सड़कों पर फैली गंदगी उड़ा रही स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां

*नगर का संबंध सीधा सुव्यवस्था से जोड़ा जाता है। नगरों में अपेक्षाकृत नागरिक सुविधाओं के बेहतरी की उम्मीद की जाती है। लेकिन नगर पंचायत शिवगढ़ की उदासीनता के कारण कहीं सड़कों पर तो कहीं सड़क के किनारे जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है।*



स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रहा नगर पंचायत शिवगढ़, चारों ओर पसरी गंदगी



शिवगढ़ नगर पंचायत की सड़कों का हाल

सड़क पर दोनों तरफ़ फैली झाड़ियों की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल

राजेश सिंह/करण वाणी

**रायबरेली।** प्रधानमंत्री की पहल पर पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में इस अभियान को गति देने के लिए शासन प्रशासन पूरा जोर लगाए हुए हैं। वही रायबरेली ज़िले की नवसृजित नगर पंचायत शिवगढ़ में इस अभियान की हवा निकल गई है।

नगर पंचायत की उदासीनता के कारण कहीं सड़कों पर तो कहीं सड़क के किनारे जगह-जगह कूड़े कचरे का ढेर लगा हुआ है। नगर पंचायत शिवगढ़ के माधव खेड़ा होते हुए सिंहपुर जाने वाली सड़क के दोनों तरफ़ काँटों वाली झाड़ियाँ खाड़ी है, सड़क पर कूड़े कचरे का ढेर लगता है। इस व्यस्ततम सड़क पर सुबह से देर रात तक लोगों का आवागमन जारी रहता है। सड़क के किनारे पड़ा मलमूत्र व कूड़े के ढेर से निकलने वाली दुर्गंध से राहगीरों को परेशानी होती है।

गंदगी और झाड़ियों से आधी सड़क पट जाती है। जिससे इस रास्ते से गुजरने वालों को काफी परेशानी होती है। नगर पंचायत शिवगढ़ की उदासीनता का आलम यह है कि यहां अधिकारी व कर्मचारी मनमाने ढंग से कार्य करते हैं।

## लोगों ने बतायी अपनी समस्या

1- जगह- जगह कचरे का ढेर है। नालियों की साफ-सफाई भी नियमित अंतराल से नहीं हो रही है। मच्छर उन्मूलन के लिए फागिंग मशीनों से मच्छर नाशक दवाओं का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। लोग अपने घरों में तो मच्छर मारने के इंतजाम कर रहे हैं, लेकिन मच्छरों की फौज के आगे सारे उपाय बेकाम साबित हो रहे हैं। नगर पंचायत अधिकारी से कचरे और नाली की सफाई कर मच्छर उन्मूलन अभियान अविलंब प्रारंभ करने की मांग है।

2- सफाई की बात हो, सड़क की बात हो या फिर अन्य तरह की सुविधाओं की। नगर पंचायत बनने के बाद कोई कार्य नहीं हुआ। चारों तरफ गंदगी ही गंदगी। जगह-जगह सड़कों पर बहता नाले का गंदा पानी, पसरा हुआ कूड़ा-कचरा। वार्ड की सफाई और अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी सड़क की हालत किसी से छिपी नहीं है। नगर पंचायत से अच्छा पहले हमारी ग्राम पंचायत थी, जब ग्राम पंचायत थी तब सड़क की सफ़ाई व विद्युत व्यवस्था बेहतर थी, अब न तो सड़कों की सफ़ाई होती है। और न ही बिजली टाइम पर मिलती है।

3- सड़क पर दोनों तरफ़ फैली झाड़ियों की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। सड़क के दोनों तरफ़ गंदगी का अंबार है साफ-सफाई के अभाव में यहां से पैदल निकलने में लोग हिचकिचाते हैं लेकिन नगर पंचायत के सफाई कर्मियों व ज़िम्मेदार अधिकारियों को कोई लेना देना नहीं है। मच्छरों से पुरा गाँव त्रस्त हैं, मगर कोई देखने-सुनने वाला नहीं है। लोग घरों में मच्छरमार अगरबत्ती, आलआउट लिक्विड, नीम का धुआं और कई जतन करने के बाद भी हलाकान हैं। मच्छरों की बढ़ती संख्या से लोगों को मलेरिया और डेंगू रोग से पीड़ित होने का डर सताने लगा है।

4- गंदगी होने से लोगों को सड़क से निकलने के लिए मुंह पर कपड़ा रखना पड़ता है। लेकिन उसके बावजूद भी पालिका के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जिसका खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। लेकिन नगर पंचायत को साफ सफाई के दावे करने वाली नगर पंचायत के दावे हवाई साबित होते दिख रहे है। जिसका सीधा उदाहरण सड़क पर पड़ी गंदगी से देखने को मिल रहा है।

# लोहे की रॉड की वजह से गिर गई थी शिवाजी महाराज की प्रतिमा

**कोर्ट से नहीं मिली आरोपी को राहत**

एजेंसी

**सिंधुदुर्ग।**सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने को लेकर कोर्ट ने कहा है कि मूर्ति में स्टेनलेस स्टील की जगह लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया गया था। कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तार किए गए संरचनात्मक सलाहकार की जमानत याचिका खारिज कर दी। रायगढ़ किले में लगी शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के बाद चेतन पाटिल को गिरफ्तार किया गया था।कोर्ट ने कहा कि जब प्रतिमा में स्टेनलेस स्टील की जगह लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया गया था तभी इसके क्षतिग्रस्त होने की संभावनाएं बढ़ गई थीं। समंदर के किनारे लोहे पर जंग लगने के चांस और ज्यादा होते हैं। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि आरोपी की गलती की वजह से यह घटना हुई। 19 सितंबर को सिंधुदुर्ग सेशन कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए चेतन पाटिल को जमानत देने से इनकार कर दिया था।शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा का अनावरण 4 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री मोदी के हाथों किया गया था। वहीं प्रतिमा 26 अगस्त को धराशायी हो गई। इस मामले में पाटिल के साथ शिल्पकार जयदीप आप्टे को भी गिरफ्तार किया गया था। पाटिल का कहना है कि वह असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर काम करते हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने दर्ज कराई एफआईआर

**पत्रकार पर लगाया छवि खराब करने का आरोप**

संवाददाता

**गाजियाबाद।** पूर्व सेना प्रमुख एवं पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह ने गाजियाबाद के कविनगर थाने में एक निजी न्यूज पोर्टल के रिपोर्टर/ एडिटर इन चीफ और एक शिक्षाविद के खिलाफ अपनी छवि धूमिल करने के लिए एफआईआर दर्ज करवाई है।

पुलिस को दी गई एफआईआर में जनरल वीके सिंह की तरफ से पोर्टल का नाम 'एबीबी न्यूज चैनल' बताया गया है।

उनकी इस एफआईआर में चैनल के रिपोर्टर और एडिटर इन चीफ रण सिंह और लोहा व्यापारी एवं शिक्षाविद आनंद प्रकाश पर उनके खिलाफ निराधार, भ्रामक, तथ्यहीन खबरें चलाकर, उन्हें मानसिक व शारीरिक पीड़ा पहुंचाने की बात कही गई है।

उनकी एफआईआर में यह भी बताया गया है कि जो भी खबरें चैनल ने उनके खिलाफ चलाई हैं, वह बिना किसी सबूत, वीडियो और दस्तावेज के उनकी छवि को धूमिल करने के लिए यूट्यूब पर प्रसारित की गई हैं। साथ ही पूरे यूट्यूब वीडियो में कहीं भी उनके खिलाफ कोई भी दस्तावेज, सबूत नहीं दिखाया गया है।

# तूफान हेलेन ने ली 93 लोगों की जान

**लाखों बिना बिजली के रहने को मजबूर**

एजेंसी



**फ्लोरिडा।** दक्षिण-पूर्वी अमेरिका में तूफान हेलेन ने भारी तबाही मचाई है। तूफान की वजह से जहां 93 लोगों की मौत हो गई, वहीं लाखों लोग बिजली के बिना रहने को मजबूर है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आश्वासन दिया कि उनका प्रशासन तूफान हेलेन से प्रभावित लोगों को जरूरी मदद और संसाधन प्रदान करने के लिए राज्य और स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

बाइडेन ने एक्स पर लिखा, तूफान के मद्देनजर चल रहे राहत और बचाव कामों को लेकर मेरी टीम मुझे लगातार जानकारी दे रही है। मेरा प्रशासन लोगों को जरूरी मदद और संसाधन पहुंचाने के लिए राज्य और स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। जैसा कि हम राहत और बचाव कार्यों को मदद देना जारी रखेंगे।राष्ट्रपति ने आगे कहा, जिल और मैं उन लोगों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं जिन्होंने तूफान हेलेन में अपने प्रियजनों को खो दिया और जिनके घर, व्यवसाय इस भयानक तूफान से प्रभावित हुए हैं।अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी कैरोलिना में कम से कम 36 लोग मारे गए। वहीं दक्षिण कैरोलिना में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें सलूडा काउंटी के दो फायर फाइटर्स भी शामिल हैं।

गवर्नर ब्रायन केम्प के प्रवक्ता के अनुसार जॉर्जिया में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई।

गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने शनिवार को कहा कि फ्लोरिडा में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, इनमें पिनेलस काउंटी में डूबने वाले कई लोग शामिल हैं।सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने रविवार को बताया कि वर्जीनिया में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि टेनेसी में भी दो लोग मारे गए।

काउंटी मैनेजर एवरिल पिंडर ने रविवार को बताया कि उत्तरी कैरोलिना के बनकॉम्बे काउंटी को ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से लगभग 600 लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट मिली है।

करण वाणी
karnvaninews.com



## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ एयरपोर्ट पर रनवे में रोकी गई फ्लाइट

**लखनऊ।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 432 लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थी। फ्लाइट टेक-ऑफ के लिए रनवे पर तैयार थी। पायलट ने तकनीकी गड़बड़ी का संकेत दिया और विमान को एमरजेंसी ब्रेक लगाकर रनवे पर रोक दिया गया। घटना के तुरंत बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से विमान से बाहर निकाल लिया गया। एयरलाइन अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल विमान की तकनीकी जांच की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समस्या का पूरी तरह समाधान हो और फ्लाइट दोबारा सुरक्षित रूप से उड़ान भर सके। यात्रियों को अगले निर्देश का इंतजार करने के लिए एयरपोर्ट पर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि अचानक तेज हवा के झोंके के कारण पायलट को दिक्कत हुई। इस वजह से विमान को रोका गया था। थोड़ी देर में विमान टेक ऑफ कराया जाएगा। विमान में तकनीकी समस्या नहीं है।

### राजधानी में अचानक बदला मौसम

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अचानक मौसम ने करवट ली। दोपहर 2 बजे तक तेज धूप और गर्मी रही। इसके बाद मौसम बदल गया। काले बादल छाए और कृष्णा नगर, सरोजनी नगर एरिया में तेज बारिश शुरू हो गई। शहर के कई इलाकों में काले बादल छा गए हैं। जबकि मौसम विभाग का दावा था कि 5 अक्टूबर को मानसून पूरी तरह लौट चुका है। अब बारिश की संभावना न के बराबर है, लेकिन रविवार दोपहर हुई बारिश ने सारे कयासों पर पानी फेर दिया है। मौसम विभाग का कहना है कि लो प्रेशर की वजह से रविवार और सोमवार को लखनऊ सहित आसपास के एरिया में बारिश होगी। कहीं हल्की बारिश तो कहीं सिर्फ बूंदाबांदी होगी। मौसम विभाग की मानें तो 5 अक्टूबर से लखनऊ में मानसून का सीजन खत्म हो गया। पूरे प्रदेश में करीब एक सप्ताह की देरी से मानसून विदा हो चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 1 सप्ताह से मानसून दोबारा से पश्चिमी यूपी की तरफलौट रहा था, लेकिन 5 अक्टूबर को यह पीछे खिसक गया। फिलहाल मानसून के लौटने की स्थिति नहीं बन रही है। अक्टूबर से दिसंबर तक सामान्य से अधिक बरसात की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। लखनऊ में आने वाले पांच दिनों तक मौसम साफ बना रहेगा। बादल भी छाए रह सकते हैं, हालांकि बारिश के कोई आसार नहीं हैं।

### घरवालों से नाराज लड़की गोमती में छलांग लगाने पहुंची



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गोतम पल्ली इलाके में घरवालों की डांट से नाराज छात्रा गोमती नदी में छलांग लगाने पहुंच गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने गश्त कर रही पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस छात्रा को अपने साथ थाने लेकर चली गई। इसके बाद परिजनों को सूचना देकर उन्हें सुपुर्द कर दिया। बता दें रविवार सुबह करीब 6.30 बजे गोमती नदी के पुल पर एक नाबालिग लड़की टहल रही थी। वो बार-बार पुल से नीचे की तरफ नदी में झांक रही थी। इस दौरान नीचे छलांग लगाने का प्रयास भी कर रही थी। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने गश्त कर रही पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके से पहुंच गई। लड़की को अपने साथ लेकर थाने लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि घरवालों की डांट से नाराज होकर निकली थी। जिसके बाद आत्महत्या करने की सोच रही थी। पुलिस की सूचना पर माता-पिता और दादा थाने पहुंचे और नाबालिग को अपने साथ लेकर चले गए। इंस्पेक्टर गौतम पल्ली वेद प्रकाश राय ने बताया कि माता-पिता ने मोबाइल छोड़कर पढ़ाई के लिए डांट लगाई थी। जिसकी वजह से नाराज थी। मौके से मौजूद पुलिस की सूझबूझ से बड़ी घटना रोक ली गई। हालांकि बच्ची को समझाकर घर भेज दिया गया है।

### तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

**मलिहाबाद, लखनऊ।** तालाब में अनार निकाल रही किशोरी डूब गयी। तालाब में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी । किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर निवासी कौशलेंद्र कुमार की 14 वर्षीय पुत्री स्नेहा रविवार को अपराह्न करीब 3 बजे गांव के बाहर तालाब में अनार निकाल रही थी । अनार निकालने के दौरान वह तालाब में डूब गई। जिससे उसकी तालाब में डूबकर मौत हो गयी । सूचना पर पहुचे ग्रामीणों ने किशोरी के शव निकाला । स्नेहा की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया । मृतका किशोरी स्नेहा के परिवार में उसका पिता कौशलेंद्र, माँ रामकुमारी सहित उसके छोटे भाई बहन है । जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

### शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा, राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में, पुलिस को वादिनी मुकदमा के द्वारा लिखित तहरीर सूचना के आधार पर अभियुक्त ने वादिनी को शादी का झांसा देकर बार बार शारीरिक सम्बन्ध बनाते रहा,वादिनी शादी के लिए कहा तो,गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, आरोपी फरार चल रहा था, मुखबिर की सूचना पर आरोपी रोमी कुमार,नि0 ग्राम रामपुर पोस्ट जहानागंज थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ के धोधन खेड़ा के पास से गिरफ्तार किया,इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, द्वारा दिशा-निर्देश पर गठित की पुलिस टीम लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना सुशांत गोल्फ सिटी प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा, के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

### जल निगम के रिटायर इंजीनियरों पर आयकर विभाग का भी शिकंजा

**लखनऊ।** आय से अधिक सम्पत्ति मामले में फंसे जल निगम के पांच रिटायर इंजीनियरों पर आयकर विभाग भी शिकंजा कसने जा रहा है। इसी कड़ी में आयकर विभाग के अफसर ने विजिलेंस के अधिकारी को पांचों इंजीनियरों की सम्पत्ति का ब्योरा मांगा है। आयकर विभाग ने उनके बैंक खातों, घरों से मिले सम्पत्ति के दस्तावेज और जेवरों की पूरी सूची देने को कहा है। दावा किया जा रहा है कि आयकर विभाग भी इन इंजीनियरों को पूछताछ करने के लिए नोटिस भेजने की कवायद कर रहा है। उधर, पांचों इंजीनियरों के बैंक के लॉकर सोमवार को खंगाले जाएंगे। सीएंडडीएस के इन इंजीनियरों के खिलाफ वर्ष 2020 में आय से अधिक सम्पत्ति की शिकायतें शासन को मिली थीं। शासन ने 12 जून, 2020 को जांच के आदेश दिए थे। आरोप सही मिलने पर विजिलेंस ने इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसमें सीएंडडीएस के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर / सहायक अभियंता राघवेन्द्र गुप्ता, अधीक्षण अभियंता सत्यवीर सिंह चौहान (मु.), मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ में तैनात रहे अधीक्षण अभियंता अजय रस्तोगी,परियोजना प्रबन्ध/सहायक अभियंता कमल खरबंदा और सहायक अभियंता कृष्ण कुमार पटेल के पास घर विजिलेंस ने छापा मारा था। छापे में इनके घर से अकूत सम्पत्ति के दस्तावेज और जेवर मिले थे। इस कार्रवाई के बाद ही आयकर विभाग ने भी इसका संज्ञान ले लिया। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, जल निगम के इन इंजीनियरों के खिलाफ शिकायत करने वाले ने आयकर विभाग के अफसरों से भी सम्पर्क किया था। उस समय आयकर विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। अब विजिलेंस की कार्रवाई के बाद आयकर विभाग ने भी सख्त रैवया अपना लिया है। विजिलेंस ने इंजीनियरों के बैंक लॉकरों की तलाशी लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। शुक्रवार को कोर्ट ने सर्च वारंट जारी कर दिया था। दो इंजीनियरों ने कोई भी लॉकर अपने नाम होने से इनकार किया है।

# जगह-जगह मिला कचरा, कूड़ा, अपर ने ठोका अर्थदण्ड

संवाददाता

**लखनऊ।** जोन तीन के अपर नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान सड़कों पर मिले कचरे और कूड़े के ढ़ेर मिलने तथा सफाई व्यवस्था दुरूस्त न मिलने पर चार कार्यदायी संस्थाओं पर अर्थदण्ड ठोका है। जोन के एकतानगर श्रीनगर कालोनी में सफाई अभियान के साथ जोन के कई क्षेत्रों में फागिंग और एण्टी लार्वा का छिड़कॉव किया गया।अपर नगर आयुक्त जोन-03 के अन्तर्गत प्रातः मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न जगहों पर सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं पायी गयी मुख्य मार्गों पर कूडे के ढेर एवं डिवाडरों पर धूल पायी गयी। कई जगहों पर कूड़ा बिखरा हुआ पाया गया। आई. आई. एम. चौराहे से यादव चौराहा की तरफ रोड 2. मड़ियाओ पुल के नीचे सीतापुर रोड पर कूड़ा एकत्र पाया गया तथा झाडू नहीं लगी पायी गयी। केशव नगर पड़ाव स्थल के आस-पास कूड़ा बिखरा हुआ पाया गया। सीतापुर रोड आदर्शपुरम के मुख्य मार्ग पर झाडू नहीं लगी पायी एवं काफी कूड़ा बिखरा हुआ पाया गया। अलीगंज मुख्य मार्ग बासमंडी नालियाँ सिल्ट से भरी पायी गयी व कूड़ा जगह-जगह पर एकत्र पाया गया। पुरनिया से होते हुये महापालिका रोड चन्द्रलोक की तरफ जाने वाली सड़क दोनों तरफ गंदगी व कूड़े के ढेर मिले के सम्बन्ध में जोनल सेनेटरी अधिकारी द्वारा प्रति कार्यदायी संस्था पर क्रमशः मेसर्स लॉयन सिक्योरिटी सर्विसेज, मेसर्स एफ्बी ट्रेडर्स, मेसर्स एस. एस. कर्टेक्शन औ मेसर्स सत्यवान इण्टरप्राइजेज पर बीस हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित माह अक्टूबर के बिल से किये जाने हेतु सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित कर दिया गया है। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण के अन्तर्गत जानकीपुरम क्षेत्र में वृहत फागिंग एवं एण्टी लार्वा छिड़काव का कार्य किया गया। जिसमें जानकीपुरम विस्तार के सचिव विनय कृष्ण पाण्डेय ने महापौर एवं नगर आयुक्त की इस कार्य की प्रशंसा करते हुये कहा कि ये अभियान बहुत ही लाभकारी है, इसका लाभ सीधे जनता को होता है, इसकी पूर्व प्रातः पाली में गत दिवस रहीम नगर महानगर में अभियान चलाया गया। 200 से अधिक घरों को चिन्हित करके संघन जाँच की गई, जिसमें लार्वा पाये जाने पर मौके पर ही नष्ट करते हुये उनको नगर निगम एवं जिला मलेरिया की टीम द्वारा नोटिस भी दी गई। जोन में उपलब्ध सभी छोटी-बड़ी मशीनों द्वारा माइकोप्लान के अनुसार संघन फागिंग एवं एण्टी लार्वा का कार्य कराया जा रहा है। एकतानगर, श्रीनगर कॉलोनी इत्यादि में विशेष सफाई अभियान चलाकर कीटनाशकों का छिड़काव किया गया।

### नाली और सड़क पटरी पर लगी दुकाने हटाई

नगर निगम की ओर से रविवार सुबह चौक काली जी वार्ड और आचार्य नरेंद्र देव, टंडन जी ढाल सराफा मार्केट के आसपास सफाई और अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। नाली और सड़क की पटरी घेर की लगाई दुकानों को हटाया गया। संचारी रोगों को रोकने और स्वच्छता को लेकर यह अभियान जोन-6 के जोनल अधिकारी मनोज यादव यादव के नेतृत्व में चलाया गया।अभियान में इसमें 25 सफाई कर्मचारी और पांच सुपरवाइजरों की टीम लगी रही। टीम ने नाली और पट्टी को घेर कर लगाई गई 63 दुकानों को पीछे कराया। लोगों से रोड पर कूड़ा न फेंकने का अनुरोध किया गया। चेतावनी दी कि आगे अतिक्रमण मिला तो कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की टीम ने डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया से बचाव को लेकर भी जागरूक किया। इसके अलावा टीम ने सब्जी मंडी और चौपटिया की भी सफाई की।

### विधायक के प्रयास से जर्जर सड़क का निर्माण शुरू

**लखनऊ।** इंदिरा नगर में सेक्टर 17 स्थित सब्जी मंडी तक पहुंचना आम लोगों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ था। जर्जर सड़क पर चलने वाले लोग चोटिल हो रहे थे। आवागमन में भी बड़ी समस्या हो रही थी। पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव की जानकारी में समस्या आने के बाद उन्होंने तत्काल पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मौके पर भेज कर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। अधिकारियों की ओर से रिपोर्ट पेश करने के बाद उन्होंने तत्काल सड़क निर्माण कराए जाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। लगभग 300 मीटर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ शनिवार रात को शुरू हो गया।लखनऊ पूर्व विधानसभा अंतर्गत इंदिरा नगर सेक्टर 17 से सब्जी मंडी मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य का विधि-विधान से शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद भृगुनाथ शुक्ला, मंडल अध्यक्ष सुमित खन्ना, मंडल उपाध्यक्ष देवेश उपाध्याय, पूर्व पार्षद राममोहन अग्रवाल, शशांक शेखर श्रीवास्तव ( गोल्डी ), अनुराग मिश्र, शांतनु दत्ता समेत पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जनता को आश्वस्त किया की बहुत जल्द ही 22 विकास कार्यों का भी शुभारंभ पूर्वी विधानसभा में होगा। कार्यों की लंबी संख्या शुरुआत होने के क्रम में पहुंच चुकी है। जल्दी यह विकास कार्य धरातल पर दिखाई देने लगेंगे। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा का संकल्प आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान लाना है।

### पक्की सड़क व नाली का निर्माण जल्द कराया जायेगाः पार्षदगीता देवी

सरोजनी नगर वार्ड प्रथम के अंतर्गत अनौरा में पेट्रोल पंप के पीछे का रास्ता कच्चा होने के करण कीचड़ युक्त हो जाता है इसके लिए स्थानीय लोगों द्वारा विगत 22 सितम्बर को सरोजनी नगर प्रथम वार्ड की पार्षद गीता देवी से उनके आवास पर स्थानीय लोगों द्वारा रास्ते के निर्माण हेतु ज्ञापन दिया गया था। स्थानीय लोग पुनः स्थिति की जानकारी के लिए उनके आवास पर पहुंचे। पार्षद द्वारा जानकारी दी गई कि रास्ते के लिए वह प्रयास कर रहे है। उन्होने बताया कि रास्ता बनवाने के लिए एक पत्र सरोजनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह को और एक पत्र नगर आयुक्त को तथा एक पत्र भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को भेजेंगे, जिससे सभी की मदद से रास्ता जल्द जल्द बन सके।बता दे पेट्रोल पंप के पीछे से झंडेवीर मंदिर अनौरा तक कच्चे रास्ते की लंबाई करीब 800 मीटर है, इस रास्ते को अब तक पक्का नहीं किया गया है।

## निशुल्क स्वास्थ्य कैंप में लोगों ने कराई जांच

**लखनऊ।** एसकेडी हॉस्पिटल ने वृंदावन स्थित एसकेडी एकेडमी के साथ मिलकर आज एक सफल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य परीक्षण तथा निःशुल्क दवाएं प्राप्त कीं। एसकेडी समूह के क्लिनिकल निदेशक डॉक्टर आशीष सिंह ने इस शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम उपस्थित रही। इसमें ऑर्थोपेडिक्स प्रसूति और स्त्री रोग, बाल रोग तथा टीबी के विशेषज्ञ शामिल थे। डॉक्टर अनु सिंह (प्रसूति और स्त्री रोग), डॉ. शुभा श्रीवास्तव (बाल रोग) और डॉ. बीपी वर्मा (रेस्पिरेटरी मेडिसिन) जैसे नामी डॉक्टरों ने उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। वृंदावन क्षेत्र में नवीनतम चिकित्सा सुविधाओं से युक्त एसकेडी हॉस्पिटल के उद्घाटन की घोषणा का स्थानीय समुदाय, विशेषकर छात्रों के माता-पिताओं ने अत्यंत सराहा।

## शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी को सिपाही ने थाने में पीटा

**निगोहां थाने की घटना, आडियो वायरल, एसीपी ने दिए जांच के आदेश - नाली**



संवाददाता

**लखनऊ।** फरियाद लेकर निगोहां थाने पहुंचे फरियादी मनीष को ही रविवार को सिपाही दीपक बंगा ने थप्पड़ों से जमकर पीटा। पिटाई और सिपाही द्वारा दी जा रही गाली-गलौज का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आडियो का संज्ञान लेकर एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने मामले की जांच के आदेश थानाध्यक्ष को दिया है।

एसीपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, हम वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित मनीष के मुताबिक वह बकतौरी खेड़ा के रहने वाले हैं। पड़ोसी से भाई का नाली को लेकर विवाद था। एक पक्ष से महिला ने थाने में तहरीर दी थी। दूसरे पक्ष से मनीष तहरीर लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि थाने में पहुंचते ही सिपाही दीपक बंगा भाई को भी थाने बुलाने का दबाव बनाने लगे। उसने भाई को फोन मिलवाया। भाई ने कहा कि वह खेत में पानी लगवा रहे हैं। खेत में इंजन चलता छोड़कर तत्काल नहीं आ सकते हैं, शाम को आएंगे। इस पर सिपाही दीपक आग बबूला हो गया। उसने गाली-गलौज करते हुए मनीष पर थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। इसका आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक सिपाही दीपक बंगा कई बार पहले भी फरियादियों से अभद्रता कर चुका है।

## दूषित भोजन खाने से बीमार हुई छात्राओं को मिली छुट्टी

संवाददाता



**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में दूषित राजमा चावल खाने से 16 छात्राओं को उल्टियां होने से तबियत बिगड़ने लगी थी। जिन्हें बीकेटी क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिन्हें स्वास्थ्य होने पर रविवार को दिन में छुट्टी दे कर एम्बुलेंस से विद्यालय भेजा गया । जानकारी पाकर विद्यालय पहुंचे परिजनों को परिसर से बाहर खड़ा रखा गया। बीकेटी क्षेत्र में दूषित भोजन खाने से बीमार हुई छात्राओं को डिस्चार्ज करने के बाद एम्बुलेंस से विद्यालय भेजा दिया गया। लेकिन विद्यालय के वार्डन स्वासनिक द्वारा परिजनों को कोई सूचना नहीं दी गई। मोबाइल पर चल रहे समाचार से जानकारी पाकर परिजन बेटी से मिलने विद्यालय पहुंचे। जहां उन्हें विद्यालय में अपनी बेटी से मिलने के लिए घंटों बाहर खड़ा रहना पडा। इस सम्बन्ध में गांव ललतापुरवा थाना घूंघटेर जिला बाराबंकी निवासी दिनेश ,राजेंद्र कुमार, अनिल कुमार, देशराज, गिरीश सिंह, वीरेन्द्र और कमलेश ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके गांव की 18 छात्राएं इस विद्यालय में पढ़ती है।उनके यहां विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्राओं की तबीयत खराब होने कोई जानकारी नहीं दी गई। वह लोग अपनी बेटी से मिलने आए है। रविवार को राज्य परिजियोजना स्टेट यूनिट हेड कस्तूरबा गांधी विद्यालय डाक्टर मुकेश सिंह ने विद्यालय पहुंचकर कल हुई घटना के बारे में बच्चों से बातचीत किया तथा घटना के जांच में लगे रहे। विद्यालय प्रशासन ने मीडिया कर्मियों से दूरी बनाए रखते हुए विद्यालय के अंदर आने से रोक दिया गया। इस सम्बन्ध में पूछा गया तो विद्यालय के ही कर्मचारी ने कहा कि उच्च अधिकारियों का आदेश है कि किसी भी मीडियाकर्मी को स्कूल के अंदर प्रवेश नही दिया जाएगा। कही न कही विद्यालय प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा इन बच्चों को भुगतना पड़ा। विद्यालय में फूड,ड्रग्स सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी भी जांच करने पहुंचे। जहां साक्ष्य एकत्रित कर सील कर टेस्ट लैब भेजा गया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने 10 प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने किए जब्त

संवाददाता



**लखनऊ।** नवरात्रि और आगामी पर्वों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ ने मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर सख्ती से रोकथाम के लिए प्रवर्तन कार्यवाही शुरू कर दी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी, लखनऊ के निर्देशानुसार कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, साबूदाना, सूखे मेवे और अन्य फलाहार जैसे मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की जांच के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर नमूने संग्रहित किए गए हैं। इस अभियान के तहत लखनऊ के 10 प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं। इनमें कस्तूबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बीकेटी से राजमा, तरू स्पाइस काटेज सहादतगंज से सिंघाड़े का आटा, भारत दूध डेरी न्यू हैदरगंज से दूध, और विष्णु टेडर्स इंदिरा नगर से कुट्टू का आटा और सिंघाड़े का आटा शामिल हैं। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त (खाद्य)-2 विजय प्रताप सिंह ने बताया कि नवरात्रि और त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्त नजर रखी जा रही है। प्रशासन इस बात को सुनिश्चित करेगा कि जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ मिलें।

## इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा आयोजित ब्रज की रसोई का सफल आयोजन

संवाददाता




**लखनऊ।** इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई कार्यक्रम ने एक बार फिर से जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी बिखेर दी। यह विशेष आयोजन आशियाना क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर किया गया, जहां निराश्रित, असहाय, मजबूर और बिक्षिप्त बच्चों एवं बुजुर्गों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन वितरण किया गया।

संस्था के वरिष्ठ सदस्य पंकज राय ने कहा कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखना किसी जादू से कम नहीं था। नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए यह एक आनंदमयी अनुभव बन गया। भोजन न केवल पौष्टिक था, बल्कि इसे पाकर बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। उनके चहकते चेहरे और खुशी भरे लम्हे इस आयोजन की सफलता को प्रमाणित करते हैं।

इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने इस अवसर पर सभी आम जनमानस से अपील की कि वे इस पुण्य और नेक कार्य में सहभागी बनें। सामाजिक कार्यकर्त्ता राजीव पाण्डेय ने कहा, इस तरह के आयोजनों से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है।

संस्था के सदस्य विकास पाण्डेय ने लोगों से आग्रह किया कि वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जरूरतमंदों के साथ उनकी खुशियों में शामिल हों। इस कार्यक्रम का संचालन विशाल सक्सेना ने किया, जिन्होंने बताया कि आज पूड़ी सब्जी का वितरण रतन खण्ड पानी टंकी के पास की झुग्गियों, निर्माणाधीन विद्यालय के मजदूरों और उनके परिवारों तथा जोन 8 के सामने झुग्गी-झोपड़ियों में किया गया। इस आयोजन के दौरान लगभग 930 लोगों को पौष्टिक भोजन वितरित किया गया, जो एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया।

संस्था के सदस्य आशीष श्रीवास्तव ने इस तरह के आयोजन यह साबित करते हैं कि जब समाज के हर वर्ग के लोग मिलकर काम करते हैं, तो हम एक बेहतर और सहानुभूतिपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं।

वहीं संजय श्रीवास्तव ने कहा ब्रज की रसोई% न केवल भूख मिटाने का कार्य किया, बल्कि मानवता की सेवा का एक आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में शामिल सी. एच. तिवारी, पंकज राय, संतोष पाण्डेय, हरप्रीत सिंह, राजीव पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, मनोज पाण्डेय, भूपेंद्र कौल, नवल सिंह, आशीष श्रीवास्तव, विनय पाण्डेय, विशाल सक्सेना, विकास पाण्डेय, दिलीप वर्मा, शिवम सिंह, ध्रुब सक्सेना सहित सभी समाजसेवियों का विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## क्षत्रियों ने मनाया महाराज अग्रसेन जयंती

**महाराज अग्रसेन अर्थव्यवस्था के पोषक थेः बाबा हरदेव सिंह**

संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में जरूर इस बात की है कि संस्कार और संस्कृति को कैसे मजबूत किया जाए। समाज और देश की पहचान संस्कार और संस्कृति से ही है। इसलिए हमारी सबकी जिम्मेदारी है कि हम खुद बेहतर आचरण करके आने वाली पीढियों को अच्छे संस्कार दें और अपनी संस्कृति के प्रति उन्हे शिक्षित कर जागरूक बनाएं।श्रीमती बबिता सिंह चौहान आज एसकेडी परिसर में महाराज अग्रसेन की जयंती के अवसर आयोजित समारोह में बोल रहीं थी। उन्होंने कहा कि महाराज अग्रसेन ने अपने राज्य में जनता को व्यावसायिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने मे भरपूर प्रोत्साहन दिया। जिसके चलते उनका साम्राज्य धनधान्य से परिपूर्ण रहा और वहां के निवासियों का जीवन सुखमय रहा। उन्होंने कहा कि समाज और देश के निर्माण में उसकी तरक्की में सब का योगदान है और उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति ने इस दिशा में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश और समाज के महापुरुषों के विचारों उनके कृतित्व को समाज के सामने उल्लेखित किया जा रहा है । युवा पीढ़ी को अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुश्री विनोद सोलंकी ने कहा कि महाराज अग्रसेन ने अर्थव्यवस्था से अपने राज्य को संपन्न कर समाज को एक नई दिशा दी। उनके दिखाए गए मार्ग आज भी प्रासंगिक हैं। देश की संस्कृति और सभ्यता पर बाहरी आक्रमण ने यहां की भाषा-भूषण-भ्रमण-भजन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। संस्कृति को विकृत करने की साजिश विदेश से लगातार जारी है। आज जरूरत है कि समाज को इस साजिश से कैसे बचाया जाए। देश की संस्कृति, सभ्यता, श्रद्धा ,आदर-सत्कार के मानवीय मूल्य कैसे सुरक्षित रखे जाएं।

### बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**लखनऊ।** बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को हिंदी संस्थान के निराला सभागार मे सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि आईएएस अनुराज जैन, विशिष्ट अतिथि बनारसी प्रसाद एवं शिव शंकर अवस्थी की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, महासचिव कैलाश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र भीष्म, उपाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री, डा के पी प्रजापति, बृजेंद्र लिटोरिया, जितेंद्र तिवारी, अनीता जैन, कोषाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव अर्चना गुप्ता, प्रचार सचिव आलोक जैन, लेखा परीक्षक रजनी विश्वकर्मा, सचिव योगेश चौहान, लखन द्विवेदी, सुधीर गुप्ता एवं दस सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद महेंद्र तिवारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक भी हुई जिसमें सदस्यों ने अपने विचार रखे एवं सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दी।

## जीएसटी विभाग की मनमानी से व्यापारियों में आक्रोश

**वित्त मंत्री से मिलकर बताएंगे समस्याएं**

संवाददाता

**लखनऊ।** जीएसटी विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के व्यापारियों के बैंक खातों को सीज करने की घटनाओं से आक्रोश बढ़ गया है।

इस मुद्दे को लेकर आदर्श व्यापार मंडल ने प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। व्यापारियों ने जीएसटी विभाग की इन मनमानी पूर्वक कार्रवाइयों के खिलाफ आवाज उठाई है। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि बिना किसी नोटिस के सीधे बैंक खातों को सीज करना अन्यायपूर्ण है। इस तरह की कार्रवाइयों से न केवल व्यापारियों को आर्थिक दिक्कत होगी बल्कि उनके व्यवसाय की छवि भी खराब होती है। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस समस्या को सुलझाने के लिए आदर्श व्यापार मंडल ने एक हेल्प डेस्क की शुरुआत की है। यह हेल्प डेस्क लेखराज मेट्रो स्टेशन के निकट अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय पर संचालित होगी। इसके साथ ही व्यापारियों की सहायता के लिए ईमेल आईडी भी जारी की गई है। संजय गुप्ता ने आह्वान किया कि कोई भी व्यापारी उत्पीड़न बर्दाश्त न करे। संगठन हर संभव सहायता के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि संगठन इस संबंध में प्रदेश के वित्त मंत्री से मिलकर समस्या बताएगा। वे व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने की मांग करेंगे। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आदर्श व्यापार मंडल आंदोलन करने का भी निर्णय ले सकता है। बैठक में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे इनमें प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर उपाध्यक्ष परवेश जैन, रिंग रोड के उपाध्यक्ष विशाल जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडेय और लखनऊ उपाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गोसाईंगंज में विवाहिता ने फांसी लगाई

**लखनऊ।** गोसाईगंज के पंचसरा में शुक्रवार को विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। तीन माह पहले उसकी शादी हुई थी। अभी तक विदाई न होने के कारण वह मायके में ही रह रही थी। पंचसरा गांव निवासी शिवलाल ने बताया कि बेटी मंगला (19) की शादी बीते जुलाई में बाराबंकी के लोखरिया महमदूपुर निवासी धर्मेन्द्र के साथ हुई थी। शादी के बाद अभी विदाई नहीं हुई थी। नवरात्रि में विदाई होनी थी। शुक्रवार शाम को मंगला किसी काम से घर से बाहर गई थी। इसके बाद वह लौटकर नहीं आई। देर रात तक वह नहीं लौटी तो खोजबीन की तो कुछ दूरी पर पेड़ से दुपट्टे के फंदे के सहारे मंगला का शव लटका हुआ था। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सैन्यकर्मी की पत्नी को नशीला पदार्थ सुंघा कर महिला से हड़पे जेवर

**लखनऊ।** चिनहट मंडी के पास बेटे को स्कूल छोड़ कर घर लौट रही सैन्यकर्मी की पत्नी से ठगों ने जेवर और पर्स हड़प लिया। आरोपियों ने पता पूछने के बहाने से महिला को रोका था। जिसे नशीला पदार्थ सुंघा कर वारदात को अंजाम दिया। माधव ग्रीन टेरा अपार्टमेंट निवासी पुष्पा पांडेय के मुताबिक 29 सितंबर की सुबह वह बेटे को स्कूल छोड़ कर गोमतीनगर से लौट रहीं थीं। चिनहट तिराहे के पास ऑटो से उतर कर पुष्पा मण्डी की तरफ जाने लगी। तभी एक युवक ने आवाज लगाते हुए उनके पास पहुंचा। युवक ने चिनहट कस्बे जाने का रास्ता पूछा। पुष्पा के मुताबिक वह युवक से बात कर रही थी। तभी एक युवक और आ गया। जिसने महिला पर नशीला पदार्थ फुंक दिया। वह बेसुध होने लगी। करीब आधे घंटे बाद होश आने पर पुष्पा ने घबरा गईं। उनके जेवर और पर्स भी गायब थे। पीड़िता के मुताबिक ठग बाली, अंगूठी, चेन, मोबाइल और आर्मी कैंटीन कार्ड गायब था। इंस्पेक्टर चिनहट अश्विनी चतुर्वेदी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**मोहनलालगंज।** सिसेंडी में शुक्रवार की रात पप्पू (25) ने घर में गमछे के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक पारिवारिक कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। परिवार में किसी बात को लेकर रात में विवाद होने के बाद सब सोने चले गए। देर रात पप्पू ने घर के बाहरी हिस्से में लिंटर में निकली सरिया से गमछे के सहारे फांसी लगा ली। इसी बीच परिजनों की नींद खुली तो लटका देख तो उसे उतार कर निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव ने बताया कि पारिवारिक कलक के चलते खुदकुशी करने की बात सामने आई है।

### बेकाबू बाइक दीवार से टकराई, युवक की मौत




**लखनऊ।** जानकीपुरम सेंट्रल एकेडमी के पास शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार बाइक घर की दीवार से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। वहीं, साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय दोनों देवी जागरण देखकर घर लौट रहे थे। जानकीपुरम सेक्टर-7 स्थित झोपड़ पट्टी निवासी बाइक मैकेनिक विजय (26) शुक्रवार रात बीकेटी निवासी ललित के साथ साठ फिटा रोड पर जागरण देखने गया था। देर रात दोनों घर लौट रहे थे। बाइक विजय चला रहा था। रात 12:30 बजे वह सेंट्रल एकेडमी के पास पहुंचे तभी बाइक अनियंत्रित होकर एक घर की दीवार से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों को निजी अस्पताल भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने विजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं ललित को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम उपेन्द्र सिंह के मुताबिक हादसे के समय बाइक सवार नशे में थे।

# 132 का मौके पर हुआ निस्तारण

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सरोजनीनगर में 114 में 45 पर हुई तत्काल सुनवाई

संवाददाता




**लखनऊ।** लखनऊ, सरोजनीनगर तहसील में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 114 मामलों में से 45 का मौके पर निस्तारण किया गया। जनपद की अन्य तहसीलों में भी समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां कुल 572 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें से 132 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि शेष को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी मामले में देरी या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

समाधान दिवस में पुलिस, राजस्व, विकास, शिक्षा और चिकित्सा विभागों से जुड़े कुल 572 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामले जो बार-बार समाधान दिवस में उठाए जा रहे हैं, उनका गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और यदि वे निस्तारित हो सकते हैं, तो तुरंत निपटाया जाए।

## मोहनलालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस, सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें एसीपी मोहनलालगंज और एसीपी एलओ विशेष रूप से शामिल थे। सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना था।

इस मौके पर फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पेंशन, आवास और अन्य जनहित के मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। एसीपी मोहनलालगंज और एसीपी एलओ ने भी कानून-व्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर ध्यान दिया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य लोगों को एक मंच प्रदान करना है। यहां वे अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रख सकते हैं और न्याय पा सकते हैं। मोहनलालगंज लखनऊ संपूर्ण समाधान दिवस में 148 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें 28 का मौके पर निस्तारण हो गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम ने करते हुए एक सप्ताह में समस्यायों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। ज्योति पत्नी सुशील कुमार गढ़ी मदरसा अमेठी ने गुहार लगाई की मेरा विवाह सुशील के साथ 14 वर्ष पूर्व हुआ था। मुझे प्रधानमंत्री आवास मिला था। बनवाने के बाद सपरिवार रह रहे थे। पति नशेड़ी प्रवृति के होने के कारण काफी घरेलू सामान बेच चुके हैं। अब प्रधानमंत्री आवास बेचने के फिराक में है जो कि लोगों से पैसे ले रहा है। देन दाता पति सुशील से सावधान रहें नहीं स्वयं जिम्मेदार होंगे जिसे बेचने से रोकने की आवश्यकता है नहीं तो हम और बच्चे क्या सड़क पर रहेंगे। सावित्री पत्नी आशाराम दुल्हापुर हुसेनाबाद गोसाईगंज में शिकायत दर्ज कराई की 6 माह पूर्व राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसका क्रमांक 215 740 698 811 जिसमें तीन यूनिट राशन कार्ड बनना था परंतु अब तक राशन कार्ड नहीं बनाया गया। काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### कमिश्नरेट के पांच जोन में फोरेंसिक फील्ड यूनिट तैनात

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट के पांच जोन में पांच क्राइम सीन प्रोसेसिंग (सीएसपी) टीम तैनात कर दी गई है। यह सीएसपी टीम जोन में हुई अपराधिक घटनाओं पर मौके पर पहुंचकर फिंगर प्रिंट, डीएनए टेस्ट, वैज्ञानिक, वीडियो और फोटो साक्ष्य संकलन करेगी। साक्ष्य संकलन कर नमूनों को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजेगी। यह जानकारी शनिवार को कमिश्नरेट की मीडिया सेल प्रभारी व पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी ने दी।

उन्होंने बताया कि नए कानून आने के बाद से क्राइम सीन पर फोरेंसिक टीम का पहुंचना और साक्ष्य संकलन अनिवार्य कर दिया गया है। पूर्व में एकीकृत व्यवस्था होने के कारण जब कई घटनाएं कुछ समय के अंतराल में ही हो जाती थी तो विधि विज्ञान प्रयोगशाला से टीम देर में पहुंच पाती थी। अपराधिक घटनाओ में जितनी जल्द साक्ष्य संकलन होगा विवेचना और अपराधियों को सजा दिलाने में पुलिस का पक्ष उतना ही मजबूत होता है। इस लिए प्रत्येक जोन में सीएसपी तैनात की गई है। अब अपराधिक घटनाएं होने पर मौके पर तत्काल सीएसपी पहुंचेगी और साक्ष्य संकलन करेगी।

### केजीएमयू में आधुनिक इलाज की सुविधा बढ़ाएं

**लखनऊ।** केजीएमयू में संसाधनों की कमी नहीं होने देंगे। केजीएमयू के ज्यादातर प्रस्तावों को सरकार पूरा कर रही है। भविष्य में भी केजीएमयू की योजनाएं बजट की कमी के कारण नहीं रुकेंगी। सरकार मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मुहैया कराने की दिशा में प्रयास कर रही है। सरकार की प्राथमिकताओं को पूरा करने में केजीएमयू किसी भी हाल में पीछे नहीं है। यह बातें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कही।

शनिवार को केजीएमयू इमरजेंसी मेडिसिन विभाग की तरफ से नैमीकॉन का आगाज हुआ। अटल बिहारी वाजपेई सांइटिफिक कन्वेंशन सेंटर में कान्फ्रेंस का शुभारंभ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि केजीएमयू प्रदेश का सबसे ज्यादा बेड वाला मेडिकल संस्थान है। 4000 से अधिक बेड हैं। 600 से अधिक फैकल्टी हैं। यहां यूपी ही नहीं दूसरे देश व प्रदेश से मरीज इलाज की खातिर आ रहे हैं। हमारी जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं।

## चटक धूप निकलने से सुबह और शाम के समय में पड़ रही उमस भरी गर्मी

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सुबह से चटक धूप निकली हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है मौसम दिनभर साफ बना रहेगा। एक से दो बार बादल भी छाए रहेंगे। दिन में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना है। बारिश के कोई आसार नहीं बन रहे। शनिवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा रहा है। अधिकतम आद्रता 93 फीसदी और न्यूनतम आद्रता 54 फीसदी रहा। दिन में उमस भरी गर्मी का दौर भी बना रहा।

मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। लखनऊ में 8 अक्टूबर के दिन बरसात की संभावना बन रही। आज तापमान भी सामान्य से अधिक रहेगा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून की वापसी में हुई थोड़ी देरी से अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में सामान्य से अधिक बरसात होगी। लेकिन इस दौरान साल भर की तुलना में बस तीन फीसदी बरसात होती है।

उन्होंने कहा कि अक्टूबर के दौरान लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य और सामान्य से अधिक रहने, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के कारण मौसम अपेक्षाकृत गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान उमस भरी गर्मी का दौर बना रहेगा। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पूर्वी हवाओं का असर भी इस दौरान देखा जाएगा। सुबह और शाम के समय में मौसम में हल्की ठंडक रहेगी। जबकि दोपहर के समय में मौसम गर्म बना रहेगा।

## कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग की 8वीं मंजिल से कूदकर छात्र ने दे दी जान, मचा हड़कंप

संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक कोचिंग सेंटर की 8वीं मंजिल से एक छात्र कूद गया। छात्र के कूदने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने अफरा-तफरी में घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जानकारी के मुताबिक, यह मामला हजरतगंज थाना क्षेत्र के चरण प्लाजा के पास कोचिंग सेंटर का है। जानकीपुरम निवासी आदित्य (17) सुबह कोचिंग करने के लिए पहुंचा था। वह छत पर गया, अपना मोबाइल फोन और बैग वहीं रख दिया। इसके बाद छत से नीचे छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि छात्र इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा था। वह कई दिनों से गुमसुम था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आज सुबह 8 बजे के करीब कॉमर्स हाउस बिल्डिंग के गार्ड ने पुलिस को छात्र के छत से कूदने की सूचना दी। पुलिस पहुंची और घायल आदित्य को लेकर सिविल अस्पताल गई। वहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आदित्य ने चरण होटल के सामने स्थित कॉमर्स हाउस बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या की है।

यह बिल्डिंग बंद रहती है। आदित्य फायर सर्विस की सीढ़ियों से 8वीं मंजिल तक गया और वहां से कूद गया। मृतक के बैग से मिले मोबाइल फोन से ही परिजनों को सूचना दी गई है। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव, जोनल अधिकारी ने खुद संभाला मोर्चा

संवाददाता



**लखनऊ।** शहर में डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए एंटी लार्वा और फॉगिंग का छिड़काव शुरू हो गया है। शनिवार शहर के अलग-अलग इलाकों में सुबह 5 से 7 बजे तक अभियान चलाया गया। कई जगह जोनल अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभाल लिया। जोन 6 में आचार्य नरेंद्र देव वार्ड में अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी मनोज यादव ने खुद इलाके में फॉगिंग की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने बताया कि सुबह वार्ड के विभिन्न मोहल्लों, गलियों और नालों के किनारे बसी हुई बस्तियां के अलावा चिकवानाला, निवासगंज, नेपियर कॉलोनी में अभियान चलाया। एंटी लार्वा, फॉगिंग, ब्लीचिंग का बड़े स्तर पर छिड़काव किया गया। इस दौरान वार्ड और मोहल्लों में लोगों को जागरूक करने का अभियान भी चलाया गया। लोगों से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने को कहा गया। यह भी कहा गया कि कूड़ा नगर निगम की टीम को ही दिया जाए। जिससे उसका सही निस्तारण हो सके। प्रचार के दौरान बहुत से भवन स्वामियों ने नगर निगम को कूड़ा नहीं देने की बात कही, जिस पर मौके पर कूड़ा नहीं देने पर वातावरण में फैल रहे दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। यह भी कहा गया कि कूड़ा अगर नाली और बाकी जगह डाला गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसमें जोनल सफाई इंस्पेक्टर की तरफ से कार्रवाई की जाती है।

## उपद्रवियों ने तोड़ी अंबेडकर की प्रतिमा

आक्रोश, काकोरी के गांव में पुलिस तैनात

संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अंबेडकर प्रतिमा तोड़ दी गई है। गांव में सुबह यह बात पहुंची तो लोगों की भीड़ जुट गई। अराजकतत्वों द्वारा की गई घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना काकोरी थाना क्षेत्र के भलिया गांव की है।

भलिया गांव में अंबेडकर पार्क है, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगी है। इसे अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। प्रतिमा के हाथ और संविधान की किताब को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दियागया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। काकोरी थाना क्षेत्र के भलिया गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ अराजक तत्वों द्वारा तोड़ने के मामले में दोषियों के खिलाफकार्रवाई के लिए शिकायत की है। स्थानीय निवासी देवेंद्र कुमार ने थाना अध्यक्ष काकोरी को ज्ञापन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी से 24 घंटे के भीतर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है।

एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव का काकोरी में अंबेडकर प्रतिमा के मामले में कहा कि अज्ञात लोगों के खिलाफकेस दर्ज किया गया है। वहां अंबेडकर जी की नई प्रतिमा लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### सड़क किनारे खड़े प्लंबर को वाहन ने रौंदा, मौत

**लखनऊ।** इंदिरा डैम के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे खड़े प्लंबर रामपाल (57) को रौंद दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के समय वह दोस्त के गृह प्रवेश कार्यक्रम से लौट रहे थे। गोमतीनगर के ग्वारी गांव निवासी रामपाल शुक्रवार को दामाद ब्रजेश सिंह के साथ बाइक से दोस्त के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। ब्रजेश ने बताया कि रात में वह ससुर रामपाल के साथ बाइक से ग्वारी गांव आ रहे थे। रात नौ बजे वह इन्दिरा डैम से कुछ दूर पहले पहुंचे तभी बाइक खराब हो गई। इसके बाद वह बाइक सही करने लगे। ससुर कुछ दूर आगे जाकर सड़क किनारे खड़े हो गए। इतने में एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से वह लोहिया अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह के मुताबिक इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## 38 करोड़ की जमीन से अवैध कब्जा हटाया

संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर और लखनऊ तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जे को नगर निगम ने स्थानीय प्रशासन की टीम के सहयोग से हटवा दिया। सरोजनीनगर में कब्जा मुक्त कराई जमीन की अनुमानित कीमत 16 तो लखनऊ तहसील क्षेत्र में मुक्त कराई गई जमीन की अनुमानित कीमत 22 करोड़ रुपये बताई जा रही है। सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने का अभियान शासन के आदेश पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर चलाया जा रहा है। सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर की खसरा संख्या 858/0.9020 हेक्टेयर एवं 209/0.1590 हेक्टेयर का चिन्हितकरण एसडीएम सरोजनीनगर सचिन वर्मा ने सरकारी जमीन के रूप में किया था। उसके बाद प्रभारी अधिकारी संपत्ति संजय यादव एवं तहसीलदार अरविंद पांडे के निर्देश पर शनिवार को उक्त जमीनों से अवैध कब्जा हटाया गया। कब्जा हटवाने की कार्रवाई नायब तहसीलदार नीरज कटियार के नेतृत्व में नगर निगम लेखपाल सुभाष कौशल , अनूप गुप्ता, विनोद वर्मा, मनोज आर्या एवं लालता प्रसाद की टीम ने की। इस दौरान जमीनों पर हुए अस्थाई निर्माणों को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। कार्रवाई के लिए एसएचओ सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा ने फोर्स उपलब्ध करा दिया था, जिसके चलते कोई बाधा नहीं आई। गाटा 209 में दुकानें और मकान बना कर उसे किराए पर चलाया जा रहा था , जिसे खाली कराया गया।

## इंडिगो का सर्वर डाउन, एयरपोर्ट पर यात्रियों की बढ़ी परेशानी, कई उड़ानें लेट

संवाददाता



**लखनऊ।** इंडिगो एयरलाइंस के सर्वर डाउन होने से देशभर के हवाई अड्डों पर अफरातफरी का माहौल है। लखनऊ एयरपोर्ट पर इसका सीधा असर देखा गया। जहां इंडिगो की कई उड़ानें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से उड़ान भर सकीं। यात्रियों को चेक-इन के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा। जिससे एयरपोर्ट पर भीड़भाड़ बढ़ गई। उड़ानें घंटों देरी से इंडिगो एयरलाइंस की अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट 6ई8279 अपने तय समय 13.25 बजे के बजाय 14.38 बजे उड़ान भर पाई। इसी तरह मुंबई जाने वाली उड़ान 6ई5302 भी 13.30 बजे के बजाय 15.16 पर रवाना हो सकी। वहीं, दिल्ली और गोवा की उड़ानें भी घंटों देरी से रवाना हुईं। यात्रियों को आई परेशानी यात्रियों को न केवल फ्लाइट के विलंबित होने की समस्या झेलनी पड़ी, बल्कि इंडिगो की वेबसाइट से टिकट बुकिंग करने में भी खासी दिक्कतें आई। एयरपोर्ट पर चेक-इन काउंटरों पर लगी लंबी लाइनों के कारण यात्रियों में हताशा देखी गई। इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी इंडिगो की ओर से सोशल मीडिया के माध्यम से यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें तकनीकी समस्या के जल्द हल होने का आश्वासन दिया गया है। एयरलाइंस की आईटी टीम इस समस्या को ठीक करने में जुटी है। हालांकि, फिलहाल यात्रियों को और इंतजार करना पड़ सकता है। लखनऊ एयरपोर्ट के अलावा देशभर के कई हवाई अड्डों पर भी उड़ानों के विलंब की खबरें आ रही हैं, जिससे यात्रियों में असंतोष बढ़ रहा है। एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट के जरिए इस बारे में जानकारी दी।

## मुंबई ने जीती ईरानी ट्रॉफी, 27 साल बाद बने विजेता

संवाददाता




**लखनऊ।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में ईरानी ट्रॉफी का आज फाइनल डे रहा। मुंबई ने रेस्ट ऑफ इंडिया को हराकर 27 साल बाद ईरानी ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे की टीम ने ट्रॉफी जीती है। दोहरे शतक से चूके सरफराज खान को मैन ऑफद मैच चुना गया है। वहीं मैच के 5वें दिन तनुष कोटियान ने शतक जड़ा।

9वें विकेट के लिए कोटियान और मोहित अवस्थी के बीच 163 गेंद पर 123 रनों की पार्टनरशिप हुई। मुंबई ने पहली पारी में 121 रनों की बढ़त ली थी। पहली पारी में मुंबई ने 537 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाए थे। पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम ने 416 रन ही बना पाए थे। दूसरी पारी में मुंबई की टीम न् आठ विकेट के नुकसान पर 329 रन बनाए। नौवें विकेट के लिए मोहित अवस्थी और तनुष कोटियान ने 200 गेंद पर 158 रनों की पार्टनरशिप की। पहली पारी में बढ़त मिलने के बाद मुंबई की टीम ने रेस्ट ऑफइंडिया को दूसरी पारी खेलने का मौका नहीं दिया। मुंबई की टीम ने 450 रनों की बढ़त रेस्ट ऑफ इंडिया पर बना लिए थे।

मुंबई का यह 16 वीं ईरानी ट्रॉफी है। एक ट्रॉफी मुंबई ने दूसरी टीम के साथ में शेयर की है। ईरानी ट्राफी जीतने के बाद मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि लाल मिट्टी की पिच पर हम वानखेडेघ् में भी खेलते हैं। हमें अनुमान था कि पिच किस तरह से विहैव करेगी। तनुष कोटियान ने शानदार खेल दिखाया है। रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान त्रिुराज गायकवाड ने कहा कि सरफराज और तनुष के बीच में बड़ी पार्टनरशिप हुई। पहली इनिंग में शार्दुल ने भी इसमें कुछ रन जोड़ दिए। इससे कठिनाई बढ़ी। ध्रुव जुरैल, अभिमन्यू ईश्वरन ने अच्छा खेल दिखाया। सरांश जैन ने दूसरी पारी में अच्छी गेंदबाजी की। मुंबई का दूसरी पारी में पहला विकेट 52 रन के स्कोर पर गिरा। पृथ्वी शॉ ने हाफसेंचुरी लगाई। वह 105 बाल पर 76 रन बनाकर आउट हुए। पारी में 8 चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद सारांश जैन और मानव सुधार की जोड़ी ने नियमित अंतराल पर विकेट लिए। ईरानी ट्रॉफी का चौथा दिन स्पिनर्स के नाम रहा है। इस दौरान पूरे दिन में स्पिनर्स ने 11 विकेट लिए। सिर्फएक विकेट यश दयाल रन आउट हुए। मुंबई की टीम ने मैच खत्म होने तक 274 रन की बढ़त बनाई थी। पहले तीन दिन का मैच बल्लेबाजों और पेसर्स के नाम रहा था। मैच के चौथे दिन रेस्ट ऑफइंडिया ने पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 289 रनों से आगे खेलना शुरू किया। इस दौरान पूरी टीम 10 ओवर में 416 रनों पर ऑल आउट हो गई। तनुष कोटियान और शम्स मुलानी ने 3-3 विकेट और मोहित अवस्थी को 2 विकेट मिला। मोहम्मद जुनैद को एक विकेट मिला। पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया के आउट होने पर मुंबई को 121 रनों की बढ़त मिली। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई की टीम ने 40 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बना लिए हैं। अभी मुंबई की टीम ने रेस्ट ऑफ इंडिया पर 274 रनों की बढ़त ले ली है। मुंबई की टीम ने पहली पारी में 537 रन बनाए थे। ध्रुव जुरैल के 393 रन के स्कोर पर आउट होने के बाद पूरी टीम ने सिर्फ23 रन बनाने में छह विकेट गंवा दिए। इसके बाद अभिमन्यू ईश्वरन भी 396 रन के स्कोर पर शम्स मुलानी की गेंद पर आउट हुए। दोनों के बीच में 165 रनों की साझेदारी हुई। अभिमन्यू ने 292 बाल पर 191 रन बनाए। पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाया। टॉस जीतने के बाद रेस्ट ऑफ इंडिया ने पहले गेंदबाजी चुनी। तीसरे दिन पहले सेशन तक मुंबई ने बैटिंग की और 537 रन बनाए। सरफराज खान 222 रन बनाकर नॉट आउट रहे। जबकि श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे और तनुष कोटियान ने फिफ्टी जड़ी।

सम्पादकीय

# पश्चिम एशिया में बदले की बेरहम बयार

मंगलवार की देर शाम ईरान का इजरायल पर मिसाइल हमला करना कई आशंकाओं को आधार दे रहा है। इजरायल ने बेशक ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को अपने मित्र देशों की मदद से हवा में ही नष्ट कर दिया, जिसके कारण उसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन उसमें दहशत तो फैली ही। यही कारण है कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तत्काल इस हमले का बदला लेने का एलान कर दिया। ईरान का कहना है कि उसने यह कदम हमास नेता इस्माइल हानिये और हिजबुल्लाह प्रमुख नसरल्लाह की मौत का बदला लेने के लिए उठाया है और अब अगर इजरायल की तरफ से कोई सैन्य कार्रवाई होती है, तो जंग भड़केगी।

यहां दो घटनाओं का जिक्र आवश्यक है। पहली, अप्रैल, 2024 में ईरान ने ड्रोन व मिसाइलों द्वारा इजरायल पर हमला बोला था और उस वक्त भी उसे नुकसान ज्यादा नहीं हुआ, क्योंकि इजरायल ने उनको मार गिराया था। ईरान का कहना था, यह हमला उसने सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के बदले में किया था, जिसमें 15 से अधिक ईरानी कर्मचारियों की मौत हुई थी। दूसरी घटना, जनवरी 2020 की है, जब अमेरिका ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या कर दी थी। जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने मिसाइलों के जरिये इराक में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला बोला था, जिसके बाद मामला शांत हो गया था। तब बेशक तनाव के बादल छंट गए थे, लेकिन इस वक्त क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय तस्वीर बदली हुई है।

एक बड़ा बदलाव तो यही है कि इजरायली प्रधानमंत्री अब आक्रामक नीति अपना रहे हैं। इसकी वजह यही है कि उन पर पिछले कई महीनों से घरेलू राजनीति का दबाव तो है ही, गाजापट्टी पर हमले के बाद, जिसमें 40 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, उन पर अंतरराष्ट्रीय दबाव भी काफी अधिक बढ़ गया है। उन्होंने घोषणा की है कि ईरान के दोनों छद्म गुट- हमास और हिजबुल्लाह का सफाया होकर ही रहेगा। हिजबुल्लाह के खिलाफ तो कई हफ्तों से इजरायल का आक्रमण जारी है। पहले पेजर-वॉकीटॉकी विस्फोट से इजरायली खुफिया एजेंसियों ने हिजबुल्लाह के संचार तंत्र को ध्वस्त किया और फिर नसरल्लाह के साथ-साथ कई हिजबुल्लाह नेताओं को मौत के घाट उतार दिया। लगता यही है कि नेतन्याहू की महत्वाकांक्षा अब हमास या हिजबुल्लाह तक ही सीमित नहीं रह गई है। 1 अक्तूबर के अपने टीवी संदेश में उन्होंने ईरान की जनता को उनके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ उकसाया और अपील की कि वे अयातुल्ला सरकार को पलटकर एक नई सरकार बनाएं और आधुनिक ईरान की बुनियाद रखें। उल्लेखनीय है कि ईरान में एक तबका है, जो अयातुल्ला सरकार से संतुष्ट नहीं है और ईरान का आधुनिकीकरण चाहता है। हालांकि, ऐसा कोई सुबूत भी नहीं है कि ईरान किसी क्रांति के लिए तैयार है।

बहरहाल, सवाल यही है कि अब आगे क्या होगा? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस पर चिंतन करेगी ही और यह अनुमान स्वाभाविक है कि वह इजरायल और ईरान, दोनों से शांति की अपील करेगी। सच यह भी है कि दुनिया की महाशक्तियां महायुद्ध नहीं चाहतीं। अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में उलझा हुआ है और रूस फिलहाल यूक्रेन मोर्चा पर ही सिमटे रहना चाहता है। रही बात चीन की, तो वह अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में लगा है। अरब देशों, विशेषकर खाड़ी के मुल्कों की तरफ से भी कोई आक्रामक बयान नहीं आया है और लगता यही है कि वे भी जंग के पक्ष में नहीं हैं। भारत भी शांति ही चाहता है और चंद दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतन्याहू से बात करके यही संदेश दिया था कि बातचीत की मेज पर समस्याओं का हल निकालना चाहिए। यानी, अब फैसला नेतन्याहू को लेना है। हमें यह भी देखना होगा कि उन पर घरेलू राजनीति का दबाव कितना बढ़ता है।वैसे, ईरान के पास भी कई रास्ते हैं स्थिति को भड़काने के। वह इजरायल पर ही निशाना नहीं लगाए। हो सकता है कि पश्चिम के देशों को दबाव में लाने के लिए खाड़ी के पश्चिमी हिस्से में भी वह कार्रवाई करे, जिसकी वजह से तेल के बाजार पर असर पड़ेगा। यदि ऐसा हुआ, तो उसका सीधा असर विश्व की आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा, जो कोई नहीं चाहेगा।यहां यह भी याद रखना चाहिए कि 7 अक्तूबर को इजरायल पर हमास के हमले की बरसी है। पिछले साल इसी दिन हमास के लड़ाकों ने इजरायल में दाखिल होकर 1,200 इजरायलियों को मौत के घाट उतार दिया था और कई विदेशी नागरिकों सहित 250 लोगों को बंधक बना लिया था। अनुमान है कि 100 के करीब बंधक अब भी हमास के कब्जे में हैं और अमेरिका, कतर व मिस्र पूरी कोशिश में हैं कि हमास और इजरायल के बीच कोई समझौता हो जाए, लेकिन ऐसा अब तक नहीं हो सका है।

# हरियाणा में बैकफुट पर बीजेपी!

**"हरियाणा में चुनाव प्रचार थम गया है। आखिरी दो दिन नरेंद्र मोदी और अमित शाह के चुनाव प्रचार में नहीं जाने को लेकर ढेर सारे सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि दूसरी तरफराहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ अंतिम चार दिन हरियाणा में ही डेरा जमाए रखा। लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारतीय जनता पार्टी डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और बलात्कार एवं हत्या के केस में सजायाफ्ता राम रहीम को पैरोल पर रिहा करवाकर चुनाव जीतना चाहती है? आखिर जो भाजपा राम के भरोसे चुनाव नहीं जीत सकी, वह राम रहीम के भरोसे कैसे चुनाव जीत सकती है? वस्तुतरू राहुल गांधी ने हरियाणा कांग्रेस के चुनाव प्रचार को अपने हाथ में लेकर भाजपा और खासकर नरेंद्र मोदी को बैकफुट पर जाने के लिए मजबूर कर दिया है।**

प्रो. रविकांत

हरियाणा में चुनाव प्रचार थम गया है। आखिरी दो दिन नरेंद्र मोदी और अमित शाह के चुनाव प्रचार में नहीं जाने को लेकर ढेर सारे सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि दूसरी तरफराहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ अंतिम चार दिन हरियाणा में ही डेरा जमाए रखा। लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारतीय जनता पार्टी डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और बलात्कार एवं हत्या के केस में सजायाफ्ता राम रहीम को पैरोल पर रिहा करवाकर चुनाव जीतना चाहती है? आखिर जो भाजपा राम के भरोसे चुनाव नहीं जीत सकी, वह राम रहीम के भरोसे कैसे चुनाव जीत सकती है? वस्तुतरू राहुल गांधी ने हरियाणा कांग्रेस के चुनाव प्रचार को अपने हाथ में लेकर भाजपा और खासकर नरेंद्र मोदी को बैकफुट पर जाने के लिए मजबूर कर दिया है।भाजपा के पिछले दस साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि नरेंद्र मोदी चुनाव के आखिरी दो दिन प्रचार करने के लिए नहीं गए। नरेंद्र मोदी चुनावी प्रचार के लिए खासे मशहूर हैं। लोकसभा और विधानसभा तो क्या, नगरपालिका के चुनाव में भी वह प्रचार करने में संकोच नहीं करते हैं। जब तक चुनाव प्रचार चलता है, वे कतई प्रधानमंत्री नहीं लगते, बल्कि नितांत भाजपा के नेता और आरएसएस के खांटी प्रचारक सरीखा व्यवहार करते हैं। उन्होंने कभी आचार संहिता की चिंता नहीं की। जब चुनाव फंसने लगता है तो वह इमोशनल ड्रामा से लेकर सांप्रदायिक और नफरती बयानों



पर उतर आते हैं।लेकिन हरियाणा चुनाव में उन्होंने चुनाव प्रचार की अंतिम तारीख से दो दिन पहले ही मैदान छोड़ दिया। जो नरेंद्र मोदी अंतिम कोशिश तक चुनाव जीतने के लिए लड़ते रहे हैं, वे हरियाणा का कुरुक्षेत्र छोड़कर अन्यत्र व्यस्त हैं। यह भी अपने आप में अनूठा उदाहरण है। अब सवाल यह है कि मोदी और शाह द्वारा बनाई गई दूरी के कारण और इसके मायने क्या हैं? क्या मोदी और शाह ने हरियाणा में हार को देखते हुए आत्मसमर्पण कर दिया है? दरअसल, भाजपा के पास हरियाणा में ना तो कोई चेहरा है और ना ही एजेंडा। मनोहर लाल खट्टर हों या नायब सिंह सैनी, कोई भी जीत की गारंटी नहीं है। बीजेपी के सबसे बड़े ब्रांड नरेंद्र मोदी भी अब जीत की गारंटी नहीं रहे हैं। कांग्रेस का किसान, जवान, पहलवान के साथ भारतीय संविधान का एजेंडा इतना भारी हो गया है कि नरेंद्र मोदी का हिंदुत्व कार्ड फीका पड़ गया। इसीलिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने हरियाणा का मैदान छोड़कर दिल्ली दरबार में रहना मुनासिब समझा।एक सवाल यह भी है कि राहुल गांधी चुनाव प्रचार के आखिरी चार दिन हरियाणा में ही क्यों जमे रहे। दरअसल, हरियाणा कांग्रेस में अंतर-विरोध की खबरें आ रही थीं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ कुमारी शैलजा की नाराजगी की चर्चा के कारण हरियाणा में 20.17 प्रतिशत दलित मतदाताओं को भ्रमित करने की कोशिश बीजेपी कर रही थी। जबकि लोकसभा चुनाव में दलितों के वोटों के कारण ही कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी को पांच सीटें हराने में कामयाब रही। इसके पीछे संविधान बचाने की राहुल गांधी की मुहिम थी। फिलहाल, राहुल गांधी ने इस बात को महसूस कर लिया है कि हरियाणा में स्थानीय क्षत्रपों के बीच मनमुटाव और तनाव की खबरें कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए राहुल गांधी ने आखिरी चार दिन विजय संकल्प रैली में लगाए। प्रियंका गांधी उनके साथ रहीं। इसका सबसे बड़ा फायदा कांग्रेस पार्टी को यह हुआ कि चेहरों की लड़ाई राहुल गांधी के आने से खत्म हो गई।पिछले दो साल में राहुल गांधी ने अटूट परिश्रम, निष्ठा और निर्भय नैतिकता से जन सामान्य में जो विश्वसनीयता हासिल की है, इसका सीधा फायदा हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को मिलता हुआ दिख रहा है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय मुद्दों के साथ हरियाणा के स्थानीय मुद्दों को भी बड़े पैमाने पर उठाया है। हरियाणा के स्थानीय मुद्दों में बेरोजगारी, किसानों को एमएसपी, महिला पहलवानों का अपमान तथा बढ़ती हुई नशाखोरी की लत को राहुल गांधी ने बेहद आक्रामक अंदाज में उठाया। इन समस्याओं के लिए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को खूब घेरा।

नरेंद्र मोदी ने अपने कॉरपोरेट मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए स्थानीय रोजगार छीन लिया। यहां तक कि जो छोटे-मोटे लघु और मध्यम उद्योग थे, लगभग खत्म हो गए। दिल्ली से सटा हुआ हरियाणा का गुड़गांवय बेंगलुरु और हैदराबाद की तरह ही आईटी का हब है। बहुत सारी देशी-विदेशी कंपनियों के बड़े ऑफिस हैं। लेकिन हरियाणा के नौजवानों के लिए रोजगार लगातार घटता चला गया। इस वजह से नौकरी की तलाश में नौजवानों को डंकी बनकर अमेरिका और यूरोप मजबूर होकर जाना पड़ा। अमित मान के जरिए राहुल गांधी ने बेरोजगारी के दंश और यातना भरी यात्रा को बेहद मार्मिक अंदाज में लोगों के सामने पेश किया।अमेरिका में अमित मान से मुलाकात और फिर करनाल में उसके परिवार से मिलने का वीडियो को जारी करते हुए राहुल गांधी ने बेरोजगार परिवारों के घरों की स्थितियों का भावुकतापूर्ण वर्णन किया। यह राहुल गांधी का नया अंदाज है। वह ऐसी घटनाओं को सामने लाकर पूरे समाज के सच को बयां कर रहे हैं। यह लोगों से सीधा कनेक्ट करने का बेहतरीन तरीका है। इसी तरह से हरियाणा के करीब एक दर्जन जिलों में बढ़ती नशाखोरी की लत को मोदी और अडानी से जोड़ते हुए राहुल गांधी ने इस समस्या को बेपर्दा किया।गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पकड़ी गई 3400 किलोग्राम हीरोइन और कोकीन का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने पूछा कि नरेंद्र मोदी के दोस्त अडानी के पोर्ट पर हीरोइन की जब्ती के गुनहगारों को क्यों नहीं पकड़ा गया? इससे यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी मात्रा में ड्रग्स देश में कहां-कहां पहुंचाई गई होगी। करोड़ों नौजवानों को यह जहर बेचा जा रहा है। क्या इसकी सटीक जानकारी मिल ही नहीं सकती है? ड्रग्स के जरिए भारत के नौजवानों को भीतर से खोखला और अपाहिज किया जा रहा है। नशा उन देशों में ज्यादा तेजी से पैर पसारता है जिस समाज में बेरोजगारी या नौजवानों के बीच कुंठा पसरी हो।मोदी के भारत में, ये दोनों ही चीजें साफपसरी हुई हैं। ऐसे में व्यापारी हो या नेताय अगर सत्ता और लाभ हासिल करने के लिए नौजवानों तक यह जहर पहुंचाया जाता है तो उनसे बड़ा देशद्रोही कोई नहीं हो सकता। लेकिन क्या आने वाले समय में ड्रग्स माफिया, कॉरपोरेट और राजनीतिकों के बीच की इस दुरभि-संधि को खत्म करके गुनहगारों को सजा दी जाएगी? राहुल गांधी के सामने यह बड़ी चुनौती होगी।

सरोकार

# बेअसर फटकार

एक बार फिर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण रोकने के लिये प्रभावी कदम न उठाने पर पंजाब व हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि सरकारों ने पराली जलाने के दोषियों से नाममात्र का ही जुर्माना वसूला, जिसके चलते इसे जलाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। फलतरू दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निरंतर प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाले वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी खरी-खोटी सुनायी है कि उसने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिये उसके निर्देशों को लागू करने का ईमानदार प्रयास नहीं किया। दो सदस्यीय पीठ ने सख्त नाराजगी जतायी कि गत 29 अगस्त को दिल्ली में वायु प्रदूषण पर चर्चा के लिये बुलाई आयोग की बैठक में ग्यारह में से सिर्फ पांच सदस्य ही शामिल हुए। पराली जलाने की घटनाओं पर शिथिलता बरतने पर कोर्ट ने केंद्र सरकार व वायु गुणवत्ता आयोग को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दायर करने को कहा है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिये आगामी 16 अक्तूबर की तारीख तय की है। यह विडंबना ही है कि प्रदूषण के मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति



तो लगातार होती रही है लेकिन पराली व प्रदूषण बढ़ाने वाले अन्य कारकों पर रोक लगाने के लिये कोई ईमानदार प्रयास होते नजर नहीं आते। अदालत ने गत वर्ष भी कहा था कि पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिये सतत निगरानी की जानी चाहिए। इसके विपरीत दिल्ली सरकार, हरियाणा व पंजाब में पराली का मुद्दा राजनीति के रंग में रंगता रहा है। यही वजह है कि बीते साल की तरह ही इसी मौसम में फिर से प्रदूषण की समस्या विकट होती जा रही है। फिर ठंड का मौसम आते ही भौगोलिक कारणों से प्रदूषण विकराल रूप लेने लगता है। दिवाली पर तो पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है।निस्संदेह, यह तंत्र की काहिली का ही नतीजा है, जिसके चलते दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी का दर्जा हासिल कर लेती है। दरअसल, प्रदूषण के एक घटक पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि की वजह भी वोटों की राजनीति ही है। सरकारें पराली जलाने वालों के खिलाफकार्रवाई करने से बचती रही हैं। उन्हें अपने वोट बैंक के खिसकने की चिंता सताती रहती है। हाल ही में वायु गुणवत्ता आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि गत पंद्रह से पच्चीस सितंबर के मध्य पंजाब में पिछले साल इन दिनों के मुकाबले में दस गुना अधिक पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। वहीं बीते वर्ष इसी अवधि के मुकाबले इस वर्ष हरियाणा में पांच गुना अधिक पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई। सवाल यह है कि हर साल सितंबर से नवंबर के बीच बढ़ने वाली पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जा रहा है? बावजूद इसके कि शीर्ष अदालत बार-बार सख्त निगरानी की बात कहती रहती है। लेकिन सरकारों के तमाम दावों के बावजूद किसानों को ऐसा कारगर विकल्प नहीं दिया जा सका है कि किसान को खेत में पराली जलाने की जरूरत न पड़े। दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकारें भी तभी जागती हैं जब राजधानी व उसके आसपास के इलाकों में प्रदूषण के कारण जीवन पर संकट उत्पन्न होने लगता है। यहां तक कि अदालत के आदेश भी क्रियान्वयन की बाट जोहते रह जाते हैं। जबकि आंकड़े बता रहे हैं कि हर साल देश में लाखों लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत के मुंह में चले जाते हैं या फिर उनके जीवन की प्रत्याशा में कई सालों की कमी हो जाती है। लेकिन इसके बावजूद दिल्ली व अन्य राज्यों की सरकारें जन स्वास्थ्य के लिये उपजे बड़े संकट के प्रति संवेदनशील रवैया नहीं अपनाती हैं।

## वेब मीडिया आज के समय में हिन्दी भाषा के प्रचार और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही

सिनेमा, मीडिया और हिन्दी का नाता बहुत पुराना है। जैसे हिन्दी हिन्दुस्तान की जान है, वैसे ही हिन्दुस्तान में हिन्दी के बगैर सिनेमा और मीडिया की कल्पना ही नहीं की जा सकती। हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सिनेमा और मीडिया का योगदान बहुत ही अतुल्य रहा है। हिन्दीतर भाषी क्षेत्रों में सिनेमा और मीडिया ने हिन्दी को जीवनदान दिया है। आज विदेशियों को अपना प्रचार करना होता है, चाहे वह सिनेमा का हो, चाहे उनके उद्योग का हो, उन्हें हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी का सहारा लेना ही पड़ता है, क्योंकि अधिकतर लोग सहज, सरल व सुबोध हिन्दी भाषा को जानते, समझते और बोलते हैं।भारत मेरी माता है,सिनेमा मेरा भाई है,और मीडिया मेरी बहन,कैसे जुड़े यह भाई, बहन और माता?हिन्दी से ही जुड़ा है,इन सबका नाता...मीडिया की कहानी उतनी ही पुरानी है, जितनी मानव जाति। आदिकाल में प्राणी चीखकर, चिल्लाकर, शोर मचाकर, विविध संकेतों और मुद्राओं द्वारा अपनी भावनाओं को व्यक्त करता था। सभ्यता के विकासक्रम में ऋषियों ने अपने भावों को वैदिक ऋचाओं द्वारा प्रेषित किया। पुराणों में आकाशवाणी के माध्यम से सूचना देने की परिपाटी सर्वविदित है। प्राचीनकाल में पठन-पाठन, मुद्रण के साधन के अभाव में जनसंचार के माध्यम गुरु या पूर्वज थे, जो मौखिक रूप से सूचनाओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाते थे। लेखन के प्रचलन के बाद भोजपत्रों पर संदेश लिखे जाते थे। गुप्तकाल में शिलालेखों द्वारा धार्मिक एवं राजनीतिक सूचनाएं जन सामान्य तक पहुंचायी जाती थीं।आज के समय में मीडिया किसी भी भाषा के प्रचार और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। मीडिया और हिन्दी पर बात करने से पहले हमें यह जानना चाहिए कि मीडिया क्या है? मीडिया हमारे चारों ओर मौजूद है, टी.वी., रेडियो, पत्र-पत्रिका, इंटरनेट जिन्हें हम रोज सुनते और पढ़ते हैं। यह चप्पे-चप्पे की खबर पल-पल में आम आदमी तक पहुंचाता है, क्योंकि मीडिया हमारे काफी करीब रहता है। हमारे चारों ओर यह मौजूद है, तो निश्चित-सी बात है, इसका प्रभाव भी हम पर और हमारे समाज पर पड़ेगा। पत्रकारिता संस्कृति, सभ्यता और स्वतंत्रता की वाणी है। जीवन के आशा-निराशा, सफलता-असफलता को अभिव्यक्ति देने का दावा हिन्दी के पत्र करते हैं। कारण साफ है पूरे संसार में हिन्दी से सरल और दूसरी भाषा नहीं है। इसकी देवनागरी लिपि ब्राह्मी से विकसित है, जो सर्वाधिक वैज्ञानिक है। हिन्दी-पत्रकारिता किसी वर्ग, वर्ण, जाति या क्षेत्र की भाषा न होकर समग्र राष्ट्र की अभिव्यक्ति का माध्यम है। वह राज्यों के बीच सम्पर्क-सूत्र स्थापित करने वाली कड़ी के रूप में है।हिन्दी-पत्रकारिता का इतिहास उदन्त मार्तण्ड से शुरू हुआ, जिसका प्रकाशन श्री युगुलकिशोर ने 30 मई, सन 1823 ई. को कलकत्ते के कोल टोला (आमडाल्ला गली) से किया। इस साप्ताहिक पत्र का लक्ष्य हिन्दी और हिन्दवासियों का हित साधना था। सन 1826 से 1884 ई. तक के काल को प्रवृत्ति की दृष्टि से उदबोधन-काल कहा गया। इस काल में उदन्त मार्तण्ड, समाचार सुधावर्षण, बंगदूत, बनारस अखबार, कविवचन सुधा, बालाबोधिनी, हिन्दी प्रदीप, भारत मित्र, ब्राह्मण जैसे कई पत्रों ने हिन्दी भाषा के माध्यम से भारत के निवासियों में नवजीवन शक्ति का संचार किया।सन 1885 से 1919 ई. तक की अवधि जागरण-काल है। भारत की युवा पीढ़ी इस समय जाग्रतावस्था में आयी। हिन्दोस्तान, भारत भ्राता, हिन्दी बंगवासी, जासूस, सरावती, स्वदेश, प्रताप, भारतबन्धु आदि पत्रों ने राष्ट्रीय अवधारणा को सर्वग्राह्य बनाया। महामना मालवीय, बाल गंगाधर तिलक, बालमुकुन्द गुप्त, गणेशशंकर विद्यार्थी- जैसे तेजस्वी पत्रकारों ने हिन्दी- पत्रकारिता के माध्यम से भारत के हम और हमारा भारत प्यारा, स्वतंत्रता है जन्मसिद्ध अधिकार हमारा के मन्त्र को जन-जन में प्रचारित किया। सन 1920 से 1947 ई. के मध्य महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता का संघर्ष तीव्र हुआ, जिसमें हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं की भूमिका अविस्मरणी है। आज, भविष्य, प्रताप, प्रभा, वर्तमान, चांद, समय, हंस, सुधा, गदर ने क्रांति की लहर ला दी।आजादी के बाद हिन्दी-पत्रकारिता व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के नव निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध हुई। एन 1948 से 1974 ई. तक की अवधि को नव निर्माणकाल की संज्ञा से अभिहित किया गया है। नयी दुनिया, आजाद हिन्द, राष्ट्रदूत, पंचायतराज, पंजाब केसरी, उजाला, दैनिक, विश्वमित्र, लोकमान्य, गुणधर्म, धर्मयुग आदि पत्रों ने राष्ट्र को निर्माण की एक नई दिशा दी।सन 1975 ई. से अब तक के समय को बहुउद्देशीय काल कहा गया है। जब किसी भारतीय जन-मानस में कोई धडकन पैदा होती है, तो पलक झपकते ही हिन्दी-पत्रों द्वारा वह धडकन हजारों दिलों की धडकन हो जाती है।इस भूमण्डलीकरण के युग में मीडिया कई रूपों में अपना काम कर रही है। उदाहरण के तौर पर विज्ञापन मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, डिजिटल मीडिया, हाइपर मीडिया, मल्टी मीडिया, प्रिंट मीडिया, प्रकाशित मीडिया, मास मीडिया, प्रसारण मीडिया, समाचार मीडिया आदि। वेब मीडिया आज के समय में हिन्दी भाषा के प्रचार और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। इसी के द्वारा हिन्दी भाषा का वैश्वीकरण हुआ है। वेब मीडिया का ही प्रभाव है कि अमेरिका, यूरोप और रूस- जैसे महाद्वीपों में हिन्दी-गोष्ठियां आयोजित की जाती है और साहित्य-पुरस्कार आयोजित किये जा रहे हैं और हिन्दी-सम्मेलन रखे जाते हैं। जो हिन्दी और हिन्दी-प्रेमियों के लिए वाकई गौरव की बात है। आज ब्लॉग, फेसबुक, ट्वीटर, यू ट्यूब के माध्यम से पल-पल की खबर लोगों तक पहुंच जाती है।

नजरिया

# दुनिया को रहने योग्य बनाने के लिए फिर लौटना होगा गांधी की ओर

डा. सुदर्शन अयंगर

2अक्टूबर को हमने फिर गांधी को याद किया। यह आश्वस्त करने वाली बात है कि कम से कम उन्हें याद करने की परंपरा जारी है। हम आशा करें कि इस परंपरा की सहायता से अहिंसा की फिलॉसफी किसी दिन मानवता की प्रकृति बन जाएगी। 2022 तक यह तर्क दिया जाता था कि युद्ध कम हो गए लेकिन सशस्त्र संघर्ष बढ़ गए थे। फिर रूस-यक्रेन युद्ध आरंभ हुआ और राष्ट्र संघ के अनुसार सिर्फ 2022 में संघर्ष से संबंधित मामलों में नागरिक मौतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। फिलीस्तीन पर इजरायली हमलों और बमबारी ने इस वैश्विक स्थिति को बदतर बना दिया है। अब हमारे पास फिलिस्तीनी लोगों की मृत्यु एवं दुखों का एक अंतहीन सिलसिला है। युद्ध के दुख के अतिरिक्त अन्य तरीकों और साधनों से भी हिंसा होती है जिसे मोटे तौर पर संघर्ष के रूप में ब्रांडेड किया जाता है। संघर्ष अब निरंतर, अंतहीन और सामान्य होते जा रहे हैं। उन्हें कभी-कभी इस अर्थ में कम घातक माना जाता है जब अक्सर दो पूर्ण या समान रूप से शक्तिशाली देशों के बजाय घरेलू समूहों के बीच हिंसा होती है। अनसुलझे



क्षेत्रीय तनाव, कानून-व्यवस्था के भंग होने, सरकारी या सहकारी संस्थानों की अनुपस्थिति, अवैध आर्थिक लाभ तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या के कारण संसाधनों की कमी संघर्ष के प्रमुख कारण बन गए हैं। इसके अलावा राष्ट्र संघ ने यह भी नोट किया है कि तकनीकी प्रगति ने घातक स्वायत्त हथियारों तथा साइबर हमलों, बॉट्स और ड्रोन के सशस्त्रीकरण एवं चरमपंथी हमलों के टीवी पर सीधे प्रसारण ने भी चिंताएं बढ़ाई हैं। इसके साथ ही डेटा हैक और रैंसमवेयर (किसी उपभोक्ता या संगठन के कम्प्यूटर सिस्टम में घुसकर उसके डेटा हैक कर संबंधित व्यक्ति से मोटी रकम की मांग करना) जैसी आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि के कारण अंतरराष्ट्रीय सहयोग की गतिविधियां तनाव में हैं जो सभी रूपों में संघर्ष व हिंसा की रोकथाम तथा समाधान की वैश्विक क्षमता को कम कर रहा है। ग्लोबल पीस इंडेक्स-2024 में कहा गया है कि इस समय 92 देश संघर्षों में शामिल हैं। गाजा और यूक्रेन संघर्ष वैश्विक शांति में गिरावट के प्राथमिक कारण हैं। पिछले साल केवल संघर्षों के कारण लगभग 162,000 मौतें हुई। अमेरिकी सैन्य क्षमता चीन की तुलना में तीन गुना अधिक है। संघर्ष के कारण 2023 में वैश्विक जीडीपी पर 13.5 प्रश या 19.1 ट्रिलियन डॉलर का असर पड़ा। प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण और नीतियों, विशेष रूप से अमेरिका-चीन मतभेदों को भी विभिन्न देशों के बीच और घरेलू संघर्षों की श्रृंखला का एक कारण माना जाता है। एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में हत्याओं की घटनाएं बढ़ रही हैं जबकि विश्व स्तर पर लिंग आधारित हमले बढ़ रहे हैं। सारे विश्व में यह माना जा रहा है कि बच्चों के खिलाफहिंसा सहित पारस्परिक हिंसा की घटनाओं से विकास पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ रहा है। गांधी आज भी दुनिया में इन घटनाओं के मूक गवाह बने हुए हैं। मानवता इस बात से अनजान है और भूल गई है कि प्रकट हिंसा और संघर्षों का गहरा संबंध है कि हम कैसे सोचते हैं, व्यवहार करते हैं और जीते हैं। अज्ञानता और बौद्धिक अहंकार व्यक्तिगत जीवन में संकट लाते हैं। ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा दांव पर हैं। लोभ और भोग की वजह से मानवीय गुणों की जगह विकारों ने घेर ली है। उच्चतम सार्वजनिक पदों पर बैठे लोग शायद ही चरित्रवान होते हैं। यह एक बुनियादी संकट है। गांधी जयंती का यह अवसर कुछ उदात्त विचारों की पेशकश करने या नैतिक आधार लेने के लिए नहीं है। हम यह स्वीकार करें कि देश और स्थान के बावजूद हमारा चरित्र सामूहिक रूप से हम सभी के सामूहिक व्यवहार में प्रकट होने के लिए जिम्मेदार है। एक शांतिपूर्ण दुनिया बनाने के लिए लोगों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को आत्म-विनियमन और संभालने के लिए शिक्षित करना होगा जहां न्यूनतम संघर्ष और हिंसा हो।व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक मानदंडों तथा देश के कानूनों की अनदेखी, उल्लंघन और तोड़-फोड़ करने वाले स्वेच्छाचारी व्यवहार को जन्म दिया है। गांधी ने श्हिंद स्वराज्य में 19वीं सदी के जाने-माने जीवविज्ञानी और मानवविज्ञानी थॉमस हेनरी हक्सली को उद्धृत किया है- श्मुझे लगता है कि वह आदमी जिसे अपनी युवावस्था में इतना प्रशिक्षित किया गया है कि उसका शरीर उसकी इच्छा का तैयार सेवक है और आसानी और खुशी के साथ वह सब काम करता है, जो एक तंत्र के रूप में वह करने में सक्षम हैय जिसकी बुद्धि साफहै,उसे स्वार्थहीन शिक्षा प्राप्त हुई है.., जिसका मन प्रकृति के महान और मौलिक सत्य एवं उसके संचालन के नियमों के ज्ञान के साथ संग्रहीत है .., जानता है कि जुनून को एक जोरदार इच्छा से पैरों तले आने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, एक संवेदनशील विवेक का सेवक .., सभी प्रकार की दुष्टता से घृणा करना और अपने समान ही दूसरों का सम्मान करना। मुझे लगता है कि उसे स्वार्थहीन शिक्षा मिली है क्योंकि वह प्रकृति के साथ सद्भाव में है। वह प्रकृति को और प्रकृति उसे सबसे अच्छा बना देगी।दुर्भाग्य से अगली पीढ़ी को उपरोक्त वर्णित भावना में शिक्षित करने में दुनिया भर की शिक्षा प्रणाली विफल रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

संक्षिप्त खबरें

## रोजगार सेवकों की जिला इकाई ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा



**उन्नाव।** प्रदेश के निर्देश पर जिला रोजगार सेवक संगठन ने जिलाधिकारी गौरांग राठी को 10 सूत्रीय माँगों का ज्ञापन सौंपा है। उन्नाव जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आये हुए रोजगार सेवक निराला प्रेक्षागृह में एकत्रित होकर मा. मुख्यमंत्री के नाम से सम्बोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राय को दिया है। ज्ञापन में नियमितीकरण, मानदेय बढोत्तरी, द्वश्वद्ब, मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाएं सम्बंधित मांगे आदि को जल्द लागू करने की मांग की गई है। मांगे पूरी न होने पर प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर प्रदेश के सभी रोजगार सेवक लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। इसमें प्रमुख रूप से हरिकरन जी,राजेशवीर जी,गौतम कुमार, गोविंदशंकर, रणवीर यादव,सर्वेस कुमार,अवधेस यादव,बलकेश ,राहुल सिंह,अमृत लाल,सुलेमान खाँ,रणवीर यादव,रज्जन लाल संजय सिंह आदि सहित सैकड़ो रोजगार सेवक उपस्थित रहे। इसकी जानकारी प्रांतीय मीडिया प्रमुख राम जी यादव द्वारा दी गई है।

### खाद्य पदार्थों पर छापेमारी से हडकम्प

**बांगरमऊ,उन्नाव।** उपजिलाधिकारी ने खाद्य तेल की दुकानों पर आज अचानक छापेमारी की। छापेमारी की खबर फैलते ही खाद्य तेल व्यापारियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान दुकानों से खाद्य तेल के आठ सेंपल भरकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिए गए। एसडीएम नम्रता सिंह और तहसीलदार रामाश्रय के नेतृत्व में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज शुक्रवार को नगर के हरदोई मार्ग स्थित राधे-राधे ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान में औचक छापा मारा। छापे की खबर फैलते ही नगर के खाद्य तेल विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति बन गई। खाद्य विभाग की टीम द्वारा दुकान से सोयाबीन और सरसों के खाद्य तेल के अलग-अलग कुल 8 सैंपल भरे गए। टीम द्वारा सभी सेंपल जांच हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेज दिए गए। एसडीएम नम्रता सिंह ने बताया कि छापेमारी का मुख्य उद्देश्य नगर में मिलावटी तेल के कारोबार पर अंकुश लगाना और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य विभाग के अधिकारीयों द्वारा खाद्य पदार्थों की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यापारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 6 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार को नगर में बाल श्रम के खिलाफ एक विशेष अभियान के तहत बाल श्रम करते हुए छह बच्चों को मुक्त कराया। यह कार्रवाई स्थानीय दुकानों और प्रतिष्ठानों में बच्चों के श्रम के संबंध में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की गई। बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में बाल श्रम की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इस पर उन्होंने अपने दल के साथ नगर का दौरा किया, जहां उन्हें तीन दुकानों में छह बच्चों को काम करते हुए पाया। अधिकारियों ने तुरंत बच्चों को मुक्त कराकर उनके उचित संरक्षण की व्यवस्था की। इस दौरान तीन दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। मिश्रा ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और बाल श्रम के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है, और इस दिशा में किसी भी तरह की ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाल श्रम उन्मूलन के लिए समाज को भी जागरूक किया जाएगा।

### भाकियू भदौरिया गुट का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा

**रामनगर।** भारतीय किसान यूनियन भदौरिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



ठाकुर हाकिम सिंह भदौरिया के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष बाराबंकी रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में तहसील परिसर मे दिया जा रहा धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। एस डी एम से वार्ता हुई मगर बात नही बन सकी। एसडीम रामनगर पवन कुमार से उनकी वार्ता हुई जिस पर शनिवार को एक समस्या निस्तारित करने के लिए कहा।विद्युत विभाग की संबंधित समस्याओं पर एसडीओ रामनगर से वार्ता हुई जिन्होंने उ बताया कि जो बिंदु हैं इन सभी पर कार्यवाही होनी चाहिए परंतु वे कार्यवाही करने के लिए सक्षम नहीं है। सक्षम अधिकारियों को पत्र के माध्यम से समस्याओं से अवगत करवा दूंगा। वार्ता के दौरान जिला उपाध्यक्ष रमेश वर्मा , नवाबगंज मोहम्मद सलमान ,ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर गुलजार हुसैन, विष्णु कुमार गुप्ता, कमल दीक्षित, कमलेश कुमार यादव,नीरज, रेनू ,फुलझारा ,पूनम, शिवकुमारी ,राजरानी ,श्रीमती, संगीता आदि काफी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### धानीखेड़ा में चोरों ने दस लाख से ऊपर किया माल पार का मामला

**बीघापुर, उन्नाव** । बारा सगवर थाना के धानीखेड़ा चौराहे पर अज्ञात चोरों ने जेवरात नगदी सहित 10 लाख से ऊपर का माल बड़े रहस्यमय ढंग से पार किया के मामले में बहू व उसके मित्र का ही हांथ होने का पुलिस ने खुलासा किया ज्ञात हो कि इस चोरी की घटना का खुलासा लगभग लोक मित्र के जिला संवाददाता के साथ बीघापुर संवाददाता की टीम ने सभी एंगल से जांच कर अपने समाचार पत्र में पहले ही प्रकाशित कर दिया था। आज पुलिस ने खुलासा कर औपचारिकता पूरी की है। 30 सितंबर / 01अक्टूबर 2024 की बीती रात लालकुआं से ऊंचगांव मार्ग पर स्थित धानीखेड़ा बड़े चौराहे पर श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी स्व. बिंदा प्रसाद उर्फ पांडे हलवाई के यहां चोरों ने लगभग 10 लाख से ऊपर नगदी व जेवर सहित माल पार कर दिया था। बहू नेहा व उसके मित्र साथी अखिलेश शर्मा द्वारा घर की चोरी की गई थी। पुलिस ने नेहा व उसके मित्र साथी अखिलेश शर्मा को पड़कर सास और बहू दोनों का जेवर बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया है। चोरी में घर की ही बहू व उसके मित्र साथी का हांथ होने का किया खुलासा वही ग्रामीणों का कहना है कि चोरी होने के बाद जो भी उसके घर जाता था वह स्वयं देखता था। जैसे तिलक ले जाते समय लोग कपड़े लोगों को दिखाते हैं। ठीक उसी तरह बहू नेहा द्वारा कपड़े फैलाकर रखे गए थे।

### कुट्टू का आटा खाने से 17 लोग बीमार

**गाजियाबाद** । त्योहारों के सीजन में अक्सर ही कुट्टू का आटा चर्चा में रहता है। पहले बिजनौर और अब गाजियाबाद में कुट्टू के आटे को खाने से लोग बीमार हो गए हैं। गाजियाबाद के नंदग्राम में नवरात्र के पहले दिन 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मिली जानकारी के मुताबिक, उन्हें कुट्टू के आटे की पकौड़ी या पूरी खाने के बाद उल्टी, पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई। सभी ने एक ही चक्की से आटा खरीदा था। जिसके बाद सभी लोगों को इलाज के लिए नजदीक के मरियम अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल, घटना की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच में जुट गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सैंपल ले लिए हैं। वहीं नवरात्र के पहले दिन रात में एमएमजी में भी सात आठ मरीज आये थे।

## व्यक्तित्व में निखार आए तो आम इंसान से महात्मा बन सकताः सुरेन्द्र

संवाददाता



**बाराबंकी।** स्थानीय गांधी भवन में शुक्रवार को महात्मा गांधी सप्ताह के चौथे दिन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विभिन्न स्कूलों के नन्हें चित्रकारों ने महात्मा गांधी और उनसे जुड़ी कई घटनाओं को कागज पर उकेरकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी ने कैनवास पर रंगों से बापू का चश्मा बनाया, तो किसी ने बापू के स्वच्छता संदेश को दर्शाया, तो किसी ने गांधीजी की तस्वीर बनाई। इस तरह एक से बढ़कर एक पेंटिंग्स बनाई गई।

खासतौर पर बच्चों ने स्वदेशी अवधारणा और स्वच्छता के संदेश को बहुत खूबसूरती से पेंटिंग के जरिए निखारा। चित्रकला प्रतियोगिता में 40 से भी ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में दो कैटेगरी रखी गई थी जिसमें पहली 06 से 08 कक्षा के बच्चों को जूनियर और 9 से 12 तक बच्चों को सीनियर कटेगरी ने रखा गया। ट्रस्ट के संस्थापक राजनाथ शर्मा ने मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह वर्मा को मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर नागरिक अभिनंदन किया गया।

इस दौरान प्रतिभागी सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि इन चित्रों के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि अगर इंसान अपने व्यक्तित्व में निखार करे तो वह आम इंसान से महात्मा तक बन सकता है। मृत्युंजय शर्मा, पवन यादव, नीरज दूबे, विनोद भारती, विजयपाल गौतम, राजेश गुप्ता किलटू आदि मौजूद थे।

### शमा बानो और नीति सेन ने जीती प्रतियोगिता

चित्रकला जूनियर प्रतियोगिता में जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इं. कालेज की कक्षा 7 की छात्रा शमा बानो को प्रथम, पायनियर मांटेसरी स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा अनुष्का पटेल को द्वितीय और राजकीय बालिका इं. कालेज की कक्षा 8 की छात्रा सोनिया सिंह को तृतीय स्थान मिला। वहीं सीनियर प्रतिभागियों में राजकीय बालिका इं. कालेज की कक्षा 10 की छात्रा नीति सेन को प्रथम, राजकीय बालिका इं. कालेज की कक्षा 11 की छात्रा लक्ष्मी मौर्या को द्वितीय और श्री सांई इं. कालेज की कक्षा 11 की छात्रा इशिता पटेल को तृतीय स्थान मिला। आनंद भवन स्कूल के छात्र इन्द्र राज को विशेष प्रशंसा पुरस्कार दिया जाएगा।

## दो बच्चियों की ट्रेन से कटकर मौत

पिता के साथ रिश्तेदार के यहां मांगलिक कार्यक्रम में आई थी बच्चियां

संवाददाता

**सतरिख।** थाना क्षेत्र के संदौली गांव में शुक्रवार की दोपहर में पिता के साथ गांव में ही मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई दो बच्चियां खेलते खेलते रेलवे पटरी पर चली गई । इसी बीच ट्रेन की चपेट में आकर दोनों बच्चियों की मौत हो गई । घटना के बाद मौके पर भीड जुट गई । हादसे के बाद मौके पर मौजूद कुछ लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधा रहे थे। तो कुछ लोग नियति के इस क्रूर मजाक को कोस रहे थे । घटना की जानकारी परिजनों ने सतरिख पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सतरिख थाने के संदौली गांव की है घटना सतरिख थाने के संदौली गांव में शुक्रवार को मोहन प्रजापति अपनी दोनों पुत्रियां जानवी 5 वर्ष कीर्ति 3 वर्ष के साथ गांव में ही दीपक प्रजापति के यहां आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था । जबकि उसकी पत्नी रीना अपने ही घर में मौजूद थी । मोहन जब दीपक के घर पहुंच कर कुछ काम में व्यस्त हो गया । तो इतने में दोनों बेटियां जानवी और कीर्ति खेलते खेलते पास में ही मौजूद रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई। और ट्रेन से कटकर दोनों की मौके पर मौत हो गई । रेलवे ट्रैक को पार करते समय कुछ ग्रामीणों ने दोनों बच्चियों का शव देखा तो हतप्रभ रह गए ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बच्चों के परिजनों को दी । देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई । परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल था। संबंधित मामले में प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

### शादीशुदा से अफेयर के चक्कर में बना जल्लाद, की चार की हत्याएं

**अमेठी।** जनपद में दलित शिक्षक, उनकी पत्नी और दो बच्चों की निर्मम हत्या हुई. सूत्रों की माने तो इसका कारण लव अफेयर बताया जा रहा है, घटना शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी चौराहे के पास गुरुवार को हुई एक सरकारी स्कूल के दलित शिक्षक, उनकी पत्नी और दो नाबालिग बच्चों की हत्या ने सभी को झकझोर के रख दिया . इस हत्याकांड का आरोप चंदन वर्मा नाम के युवक पर लगा है. ऐसी खबर सामने आई है कि चंदन का मृतक टीचर सुनील भारती की पत्नी पूनम भारती से अफेयर था और इसी कारण यह वारदात घटी. फिलहाल इस मामले में चंदन अभी फरार है।

## गाड़ी ने युवक को मारी टक्कर हुई मौत

संवाददाता

**सफीपुर, उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गांव में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पर मौके पर पहुंचे।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल की।जानकारी के अनुसार मृतक की पहिचान प्रमोद कुमार पुत्र सोनेलाल के रूप में हुई है।

प्रमोद साइकिल से सफीपुर कस्बे की एक किराने की दुकान पर काम करने जा रहा था। जब उन्नाव हरदोई मुख्य मार्ग पर एक स्कूल गाड़ी ने टक्कर मार दी।टक्कर के बाद प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगो ने तत्काल प्रमोद को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।प्रमोद की असमय मृत्यु की खबर सुनते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया है।

माता पिता और अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता सोनेलाल ने बताया कि प्रमोद अपने छोटे भाई बहनों को देखभाल के लिए सफीपुर कस्बे में काम करता था।परिवार को आर्थिक स्थित अच्छी नहीं थी।जिसके कारण प्रमोद अपनी पढ़ाई छोड़कर नौकरी करने लगा था।

सुबह वह रोजाना की तरह काम पर जा रहा था।लेकिन उसे नही पता था कि यह उसकी जिंदगी का आखिरी सफर होगा। इस हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है।लोगो का कहना है कि उन्नाव हरदोई मुख्य मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते दुर्घटनाए बढ़ रही है।

## नियम से काम नहीं करना चाहते लेखपाल अरविंद यादव

संवाददाता

**अमेठी।** मुख्यमंत्री योगी के लाख प्रयास के बावजूद भी राजस्व विभाग के कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। उन्होंने अपने काम स्वयं करने की बजाय प्राइवेट कर्मचारियों के भरोसे छोड़ रखा है। जिनका ना तो तकनीकी जानकारी है ना ही पैमाइश करने का अधिकार है ।

राजस्व लेखपाल अरविंद यादव के काले कारनामे जग जाहिर है वह रिश्वत लेकर अवैध पैमाइश को वैध करने की कोशिश में लगे हुए है जिसका जीता जाता हुआ उदाहरण कुरंग गांव में देखने को मिला। जनपद के कुरंग गांव में हल्का लेखपाल अरविंद कुमार यादव क्षेत्र में ना ही निवास करते हैं और ना ही विधिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं। अभी वह परीक्षा काल में है ।तब भी वह रिश्वत लेकर अवैध कार्य को अंजाम देने में लगे हुए है। इस तरह को अंजाम देने में उन्हें कानूनगो अशोक कुमार सिंह के ड्राइवर राजकुमार सिंह का वरदहस्त प्राप्त है।

जो अशोक सिंह के न रहने पर भी स्वयं कानूनगो बनकर क्षेत्र में पैमाइश करते हुए देखे गए हैं।

पिछले महीने ही राज कुमार सिंह को अवैध कार्य करने पर ग्रामीणों ने दुर्गापुर चौराहे पर जमकर पीटा था। जगतपाल यादव ने उप जिलाधिकारी अमेठी को पिछले महीने तहसील दिवस पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था ।जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव के दबंग और सरहग किस्म के व्यक्ति अनिल कुमार यादव व उनके पुत्र आदित्य कुमार यादव जिनके खिलाफ पीपरपुर थाने में दर्जनों गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। इसके अलावा आदित्य के चचेरे भाई संदीप यादव और पंकज यादव उन्हें अपने खेत की जुताई बुवाई नहीं करने दे रहे हैं। शिकायत करने के बाद भी हल्का लेखपाल अरविंद यादव ने संज्ञान में नहीं लिया क्योंकि रिश्वत के बल पर उनकी आंखों पर पट्टी बध गई है। वह विधि विरुद्ध कार्यों में यहां तक की गांव की तालाबों पर भी दबंग का कब्जा है

## सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया जागरूक



संवाददाता

**बाराबंकी।** टी. आर. सी. महाविद्यालय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत शुक्रवार को महाविद्यालय के बहु उद्धेशीय सभागार में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा छात्रों के सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जिसमे छात्रों के यातायात नियमों विभिन्न तकनिकी यंत्रो जैसे वौकी -टॉकी डायल -100, डायल 112 तथा 1090 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई द्य सड़क पर हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने धूम्रपान निषेध, नशे से मुक्त, ड्राइविंग करते हुए मोबाइल फ़ोन पर वार्ता न करने की सलाह आदि से परिचित कराया गया द्य तत्पश्चात छात्रों के मध्य सड़क सुरक्षा पर निबंध लेखन प्रतियोगिता और व्याख्यान-भाषण आदि का आयोजन किया गया। जिसमे समस्त छात्र- छात्राओं व शिक्षकों द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

## कैंडल जलाकर दिवंगत शिक्षकों को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

संवाददाता

**बाराबंकी।** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश स0 मीडिया प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में जनपद बाराबंकी स्थित गांधी भवन में सैकड़ों शिक्षकों ने जनपद अमरोहा में दिवंगत शिक्षक संजीव कुमार एवं जनपद अमेठी में कार्यरत दिवंगत शिक्षक सुनील कुमार को कैंडल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अभिषेक सिंह ने कहा कि एक शिक्षक परिवार की निर्मम हत्या, कहीं शिक्षक द्वारा बेबस होकर मौत को गले लगाना, डिजिटल अरेस्ट किया जाना जैसी लगातार तमाम शिक्षकों के साथ हो रही घटना से शिक्षक समाज आज मानसिक शारीरिक समाजिक आर्थिक रूप से भयभीत है । मेरा शासन एवं प्रशासन से अनुरोध है कि शिक्षकों के



साथ हो रही ऐसी घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही कर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए एवं दिवंगत शिक्षकों के परिवार को 01 करोड़ की सहायता राशि एवं दोषी को फांसी की सजा दी जाए। इस अवसर पर शिक्षामित्र संघ से अमित मिश्र, प्राथमिक शिक्षक संघ से शिवाजी मिश्र, आलोक वर्मा, दिलीप तिवारी, पवन मिश्र, सौरभ वर्मा, विजय यादव, अनूप अवस्थी, अभिनव मिश्र, राज कुंवर, अमरेंद्र चतुर्वेदी, अंकित श्रीवास्तव, पंकज वर्मा, आदित्य वर्मा,

अमित शुक्ला, अनुराग जायसवाल , प्रवीन रावत, प्रभाकर पाण्डेय, मुहम्मद अली सहित अनेक शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### दलित हत्याकांड के पीड़ित परिवार से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की मुलाकात

**अमेठी।** दलित शिक्षक सुनील कुमार चौथे हत्याकांड के पीड़ित से मुलाकात का सिलसिलेवार घटनाए जारी है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार के गांव सुदामापुर, बिकास खण्ड जगतपुर रायबरेली पहुँचे। पीड़ित के परिजनो से मुलाकात की। तथा मामले की जानकारी ली। कांग्रेस सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा ने रायवरेली जिले ग्राम सुदामापुर पहुँचे। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पीड़ित से कांग्रेस रायवरेली सांसद एव विपक्ष नेता राहुल गाँधी से मोबाइल पर बात करायी। न्याय होने की बात कही। घटना को लेकर रायवरेली और अमेठी जिले के साथ पूरे देश मे चर्चा का बाजार गर्म रहा। फिर हाल जघन्य हत्याकांड से प्रशासन और शासन की जडे हील गयी। गौरतलब है कि शिक्षक सुनील कुमार की पत्नी सुमन भारती ने आरोपी चन्दन वर्मा के खिलाफ 18 अगस्त 2024 को मुकदमा दर्ज कराया था।

## बार अध्यक्ष के नेतृत्व में एसपी कार्यालय पहुंचे अधिवक्ता

महिला अधिवक्ता को पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी आशा सिंह द्वारा जानमाल की धमकी दिये जाने का मामला

संवाददाता



**उन्नाव।** अधिवक्ता के साथ उसके चेंबर में जाकर धन उगाही की मांग करने वालो के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। अपने शिकायत पत्र में कहा है कि पीड़ितों के विरुद्ध तीन दिन के अंदर कार्यवाही न की गई तो मजबूरन संघर्ष का रास्ता अख्तियार करूंगा।

आपको बताते चले कि अधिवक्ता रश्मि सिंह ने कुलदीप सिंह सेंगर प्रकरण में उनके विरोधी पक्ष के बतौर अधिवक्ता के रूप में वकालतनामा लगाया था, जिसमें उन्होंने एक लाख रुपए फीस में बात की थी, जिसमे दस हजार रुपए दिया था, शेष 90 हजार एक माह बाद देने का वादा किया था। अपनी शिकायतीपत्र में रश्मि सिंह ने बताया कि जब उसने कई बार पैसा की बात की, परंतु समय से पैसा नही दिया तो हमने मुकदमा छोड़ दिया। इस पर उसने पैसे की तकादा के लिए धमकी दी। इधर दो साल बाद अचानक मेरे बस्ते पर अपने कुछ लोगों व सरकारी गनर के साथ आकर धन की मांग करते हुए धमकी दी की पैसा नहीं दिया तो तुम्हारा बुरा हाल करूंगी। इस मामले की लिखित शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की। जिस पर मामले में कार्यवाही न किए जाने से उनके हौसले इतने बढ़ गए कि शिकायत पर आशा सिंह और उनकी लड़की ने बार बार मोबाइल पर धमकी दी है। जिस पर बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला के नेतृत्व में वकीलों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक से मिलकर अधिवक्ता से की जा रही प्रताड़ना पर कार्यवाही न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच क्षेत्राधिकार सदर को दी गई है। जैसे ही रिपोर्ट आएगी कार्यवाही की जायेगी।

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आयोजित की शोक सभा

**अमेठी।** स्वर्गीय शिक्षक सुनील कुमार एवं उनकी पत्नी व बच्चों की हृदय विदारक हत्या पर शोक सभा का आयोजन गौरीगंज स्थित वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक कार्यालय अमेठी पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अमेठी द्वारा किया गया । शोक सभा मे क्षेत्राधिकारी गौरीगंज के माध्यम से पुलिस अधीक्षक अमेठी को ज्ञापन देकर मांग की गयी की यथाशीघ्र दोषियों की गिरफ्तारी कर सजा दिलाई जाय एवं पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन द्वारा अनुग्रह राशि प्रदान की जाय। जिला अध्यक्ष अशोक मिश्र ने फास्ट ट्रैक अदालत का गठन कर दोषियों को अति शीघ्र सजा देने की मांग की ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशांक शुक्ला ने शिक्षक परिवार की हत्या पर दुख प्रकट किया गया जिला मंत्री अरुण सिंह द्वारा दोषियों को शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई ।शोकसभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशांक शुक्ला, मंत्री अरुण कुमार सिंह माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिवभूषण उपाध्याय, मंत्री जय प्रकाश द्विवेदी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

संवाददाता

**रामनगर।** रोज की भांति पीएम विश्वकर्म योजना में ट्रेनिंग के लिए बाराबंकी से वापस आ रहा बाइक सवार युवक को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे राहगीरों ने डायल 108 एंबुलेंस को सूचना देकर उसे तत्काल सूरतगंज सीएससी सूरतगंज में भर्ती कराया जहाँ पर डाक्टरों नें युवक की हालत गंभीर देख उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज मौसड़ा गांव निवासी आकाश शर्मा पुत्र जगजीवन उम्र 25 वर्ष रोज का आना जाना रहता था। देर रात मोटरसाइकिल से घर वापस आ रहा था तभी देर रात रामनगर सूरतगंज रोड स्थित रानीगंज देसी शराब के सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से आनन फानन घायल युवक को एंबुलेंस के माध्यम से सूरतगंज सीएचसी पहुंचाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के बाद लखनऊ में एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

संक्षिप्त खबरें

## मृतक किसानो की याद में बरसी मनाई



**तिकुनियां-खीरी।** वर्ष 2021में 3 अक्टूबर को तिकुनियां में किसान आंदोलन के दौरान चार किसानो की मृत्यु हो गई थी। जिसकी याद में कौडियाला गुरुद्वारे में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर पुष्पांजलि अर्पित की है। यह कार्यक्रम बरसी के तौर पर मनाया गया है ।इस दौरान किसानों ने कहा कि मृतकों की शहादत को याद रखा जाएगा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह,विधान सभा अध्यक्ष जयमल सिंह,करमजीत सिंह, कुलविंदर सिंह,राम सिंह ढिल्लो, साहब सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## 2 अक्टूबर गाँधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर किया गया माल्यार्पण



**मोहम्मदी-खीरी।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में नगर की बापू वाटिका में समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया व उनके विचारों को एक दूसरे के सम्मुख रखा एवं उनके बताए रास्तों पर चलने की अपील की।इसके साथ ही, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती भी मनाई गई। सभी ने उनके जीवन और कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।यह आयोजन न केवल गांधी जी और शास्त्री जी की शिक्षाओं को स्मरण करने का अवसर था, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास था।जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष इकरार अहमद खान, उपाध्यक्ष एड.राजन कुमार वाल्मीकि, आफताब अली, अलाउद्दीन, डा.शमसुद्दीन मंसूरी, नायाब सफक व कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष बलराम वरुण, जिला महामंत्री डा.महेंद्र कुमार, अनिल गुप्ता, एड. प्रघुमन मिश्रा, अवनीश निश्रा, शिवली सिद्दीकी, मास्टर आरिफ सिद्दीकी , डा. इकवाल आदि बड़ी संख्या में समाजवादी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पितरों को तर्पण व पिंडदान के साथ पितृपक्ष समाप्त



**शुक्लागंज, उन्नाव।** पितृपक्ष के अंतिम दिन बुधवार को तमाम लोगों ने पितरों को गंगातट पहुंच कर तर्पण किया। इसके लिये नगर के सभी घाटों पर भारी भीड़ रही। जहां भोर पहर से दोपहर तक पिंडदान किया गया। जिसके बाद श्राद्ध कराया गया। वहीं माहपात्रों ने विधि विधान से पिंडा दान कराये। पितृपक्ष के अंतिम दिन सुबह से ही गंगातट पर लोगों की भीड़ रही इस दौरान पितरों को तर्पण करने के बाद उन्हें श्रद्धा भाव से तट पर बैठे पंडों ने विधि विधान से पूजा करवाई और पिंडदान भी कराया। जहां बालू घाट, पक्के घाट, चन्दन घाट, आनंद घाट, शिव पंडा घाट, गंगा विशुन घाट आदि गंगातटों पर पितंरो कों तर्पण करने वालो का तातां लगा रहा पन्डों ने विधि-विधान से पितरों का तर्पण कराने के साथ उन्हें गंगाजल से अर्पण किया। पितृपक्ष में पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध करने की विधि में अंतर होता है। इसलिए इसे एक नहीं समझें। पितृपक्ष में मृतक परिजनों को श्रद्धापूर्वक याद करने को श्राद्ध कहते हैं। पिंडदान का अर्थ, भोजन दान करने से है। इसका अर्थ है कि,हम पितरों को पितृपक्ष में भोजन दान दे रहे हैं। वहीं तर्पण का अर्थ जल दान से है। हाथ में जल, कुशा, अक्षत, तिल आदि लेकर पितरों का तर्पण किया जाता है।

## डेढ माह बाद भी लूट का माल बरामद नही कर सकी पुलिस

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचू पुरवा में एक ट्रांसपोर्टर के घर पड़ी डकैती में शामिल चार अन्य साथियों के नाम ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए दो बदमाशों ने उजागर कर दिए थे। करीब एक पखवारा पूर्व दो बदमाशों ने उन्नाव की अदालत में समर्पण कर दिया था। आज़ पुलिस जेल से दोनों बदमाशों को यहां रिमांड पर लाई। किंतु बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस लूटा गया माल बरामद नहीं कर सकी। घटनाक्रम के अनुसार ग्राम मदार नगर के मजरा पंचू पुरवा में बीते 13 अगस्त को देर शाम छह नकाबपोश असलहा बंद बदमाशों ने सूरज और गृहस्वामिनी पूनम गुप्ता और पड़ोसी सूरज को गन प्वाइंट परे लेकर घर में रखा करीब दो लाख रुपए नगदी तथा करीब 20 लाख रुपए कीमत का सोने-चांदी का जेवर समेट लिया था और भाग निकले थे। बदमाशों ने पीड़िता पूनम गुप्ता के पुत्र का अपहरण करने का भी प्रयास किया था। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने पीछा कर दो बदमाशों को पकड़ लिया था और उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। जबकि बाकी बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से गृहस्वामिनी का मोबाइल और मात्र 15 हजार रुपए बरामद कर लिया था। पुलिस की गिरफ्त में आए नगर के मोहल्ला कटरा निवासी अंशू पाल और मोहल्ला पन्नी टोला के अभिषेक पाल दोनों बदमाशों ने जुर्म कबूल कर डकैती में शामिल अपने अन्य साथियों कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरन पुरवा निवासी संजीत, राम रहीस व धीरेन्द्र बाबा तथा ग्राम रबड़ी निवासी अनुज के नामों का खुलासा किया था। इनमें फरार संजीत यादव और धीरेन्द्र बाबा ने उन्नाव की अदालत में समर्पण कर दिया गया था। आज़ पुलिस अदालत के आदेशानुसार मात्र सात घंटे के लिए न्यायालय में आत्मसमर्पण कर चुके दोनों बदमाश संजीत यादव और धीरेन्द्र बाबा को रिमांड पर यहां लाई। बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस उन्हें लेकर कई स्थानों को खंगाला। किंतु लूट का कोई माल बरामद नहीं हो सका। अंततः पुलिस ने दोनों बदमाशों को बैरंग वापस जेल रवाना कर दिया। खास बात तो यह है कि अभी दो बदमाश राम रहीस और अनुज फरार चल रहे हैं। जिन्हें लाख कोशिशों के बाद भी पुलिस अपनी गिरफ्त में नहीं ले सकी है।

## गाँधी जयन्ती पर न सफाई करायी गयी और न ही पेयजल की आपूर्ति

**बाँगरमऊ उन्नाव ।** देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को ठेंगा दिखाकर नगर पालिका परिषद द्वारा गाँधी जयन्ती पर न तो नगर की सफाई ही कराई गयी और न ही पेयजल की आपूर्ति।पालिका प्रशासन की कार्यशैली को लेकर नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। गाँधी जयन्ती के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया गया।प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक खुद झाड़ू लगाते नजर आये किन्तु नगर पालिका प्रशासन की अकर्मण्यता के चलते आज नगर के कई मोहल्लों मे सफाई तक नही कराई गई।

# डीएम ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ

संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 02 से 16 अक्टूबर के मध्य सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा। इसी कड़ी में बुधवार को पखवाड़े के प्रथम दिवस महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती पर सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 11 सड़क जागरूकता रथ (प्रचार वाहनों) को हरी झण्डी दिखाकर किया।

डीएम ने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करने तथा छोटी-मोटी सावधानियां बरतने से हम स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। वाहनों का संचालन करते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें।

[जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी]



तेज गति से वाहन न चलाएं, किसी प्रकार के स्टंट करने से बचें तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। उक्त शुभारम्भ समारोह में एडीएम संजय कुमार सिंह एवं एसडीएम सदर अश्वनी कुमार एवं एसडीएम रेनू मिश्रा, रत्नाकर मिश्रा एवं एआरटीओ(प्रशासन/प्रवर्तन)अखिलेश कुमार द्विवेदी, पीटीओ कौशलेन्द्र प्रताप यादव, सीएमओ डा संतोष गुप्ता, एबीएसए, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी एवं डीएसओ अंजनी कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा समारोह में मौजूद आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी तथा मौजूद जन-मानस को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी गयी। उक्त के अतिरिक्त परिवहन विभाग के प्रवर्तन दलों द्वारा ÷सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, जिम्मेदार बने, सुरक्षित रहें÷ के दृष्टिगत लगभग 300 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया कि सड़क पर पैदल एवं वाहन से चलते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए ? की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनमानस में पेम्फलेट्स व स्टीकर्स वितरित किए।

# जयंती पर कानपुर में याद किए गए गांधी और शास्त्री

गांधी और शास्त्री जयंती पर आयोजित हुए कार्यक्रम

संवाददाता

**कानपुर।** आज यहां जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। इसके लिए शहर भर में आयोजित कार्यक्रमों में गांधीजी के आदर्शों पर चलने की भी बात कही गई। वहीं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और आजाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री को पुलिस कमिश्नरेट के सीपी अखिल कुमार ने भी कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके आदर्शों पर कर्तव्यनिष्ठा से चलने के लिए शपथ भी दिलाई। शास्त्री जयंती की यह कार्यक्रम प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा भी आयोजित किए गए। इसी तरह से कानपुर देहात में भी डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दोनों महापुरुषों के चित्र का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी जयंती पर आयोजित हर कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी के प्रसिद्ध भजन ÷रघुपति राघव राजा राम से हुई, जो समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्री जी के विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ÷जो बदलाव आप दूसरे में देखना चाहते हैं, वह पहले खुद में लाएं।÷ डीएम ने स्वच्छता, सत्य और अहिंसा जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। इस कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता सहित कई अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

## शिक्षण संस्थानो मे मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

**पाटन ,उन्नाव ।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सरकारी एव गैर सरकारी व शिक्षण संस्थानो मे झण्डारोहण एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालयों मे वाद विवाद प्रतियोगिता एवं स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए । राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर तहसील मुख्यालय पाटन में उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने झण्डारोहण कर महात्मा गाँधी एव लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । आर आर बी एन इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह एवं समस्त शिक्षक व कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प भेंट कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया । यू एस इण्टर नेशनल स्कूल में प्रबंधक डा राघवेंद्र बाजपेई एव प्रधानाचार्य नेगी सिंह ने व निराला इण्टर कालेज पतारी विद्यालय के अध्यक्ष सुन्दर लाल बाजपेई ने झण्डा फहराया व उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश रावत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## ग्राम सभा जन योजना अभियान के तहत खुली ग्राम सभा का आयोजन



संवाददाता

**तिकुनियां-खीरी।** ग्राम सभा जन योजना अभियान के अंतर्गत निघासन ब्लॉक की दो पंचायतों, बरसोला कला और खमरिया कोईलार में आज खुली ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीपीआरओ विशाल सिंह ने ग्राम सभा की महत्तव और उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में डीपीआरओ ने कहा कि खुली ग्राम सभाएं ग्रामीण विकास और योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण मंच हैं।सभा में ग्रामवासियों को जन योजनाओं, पंचायत की विकास योजनाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने पंचायत की सभी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। धरोहर संस्कृति दल ने नुक्कड़ नाटक कर जनता को स्वच्छता, बीमारियों से बचाव और योजनाओं की जानकारी दी। सभा के अंत में मां के नाम पर कई पेड़ लगाए गए,इसके साथ ही 75 वर्ष से ऊपर के वृद्ध वरिष्ठ नागरिकों को शाल उढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान स्वच्छता अभियान के डीसी नंदकिशोर दीक्षित, बिष्णु देव,आलोक वर्मा,प्रधानपति मो मिया,सचिव आशिफ खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कई वर्षो से फरार चल रहे शातिर अपराधी को जीआरपी मैलानी पुलिस ने किया गिरफ्तार

अपराध नियंत्रण और रोकथाम के क्रम में जीआरपी मैलानी का सराहनीय कदम



संवाददाता

**मैलानी-खीरी।** मैलानी जीआरपी पुलिस ने शातिर उदघोषित अपराधी,जो कई वर्षों से फरार चल रहा था। उसे मैलानी जीआरपी पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी पुलिस ने उसे उस समय अरेस्ट किया, जब वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के कुशल नेतृत्व तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय लखनऊ के कुशल निर्देशन में मैलानी जीआरपी चौकी प्रभारी सुधेश कुमार पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना दबिश देकर करीब 20 वर्षो से फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदनगर सिमरिया क़स्बा निवासी इक़बाल पुत्र नवी बक्श जो लगभग 20 वर्षो से फरार चल रहा था। जिसे जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुदेश कुमार,हेड कांस्टेबल दिनेश यादव, हेड कांस्टेबल मोहित कुमार, हेड कांस्टेबल भगवानदास, कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे। वही अपराध नियंत्रण और रोकथाम के क्रम में जीआरपी मैलानी का यह एक अहम कदम है। जीआरपी पुलिस का यह कार्य पुलिस विभाग में उत्साहवर्धन हेतु प्रशंसनीय है।

## अधिकारी पार्टी कार्यकर्ताओं तथा गरीबों की समस्या का तुरंत करें निदानः अजय मिश्रा टेनी

संवाददाता

**तिकुनिया-खीरी।** कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करना शुरू कर दें, जिले के अधिकारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को तथा गरीब लोगों की समस्याओं को शीघ्र समाधान करने में आगे आए जिससे उन्हें तत्काल न्याय मिल सके। कार्य में हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुधवार को पैतृक गांव बनवीरपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन अम्बिका राइस मिल पर संपन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड हैं, ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के तहत जोड़े जाएं। सभी कार्यकर्ता इस काम में बढ चढ़कर भाग ले। कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटने ना पाए। जिले के अधिकारी उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें गरीबों की बात को तत्काल सुने और निराकरण करें। उन्होंने कहा अगले वर्ष अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभा को जीएस सिंह, डॉक्टर अभिमन्यू मिश्रा,




सदर विधायक योगेश वर्मा, विनीत मनार, दयाशंकर मौर्य ने भी संबोधित किया। संचालन संगम लाल मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान 138 विधानसभा क्षेत्र निघासन पुस्तक का विमोचन किया गया। दंगल में 11 कुश्ती बच्चो की कराई गई और उन्हें पुरुस्कार दिया गया।

# धानीखेड़ा में चोरों ने दस लाख से ऊपर किया माल पार का मामला

चोरी में घर की ही बहू के शामिल होने के साक्ष्य, देवर की शादी में न देना पड़े जेवर

संवाददाता

**बीघापुर, उन्नाव ।** बिहार थाना के धानीखेड़ा चौराहे पर नीलम गुप्ता के मकान में अज्ञात चोरों ने जेवरात नगदी सहित 10 लाख से ऊपर का माल बड़े रहस्यमय ढंग से पार कर दिया के मामले में बहू का ही हांथ होने के साक्ष्य मिले है। किंतु थाना पुलिस द्वारा खुलासा करने में औचित्यहीन देरी से चर्चाओं का बाजार गर्म है।

30 सितंबर / 01अक्टूबर 2024 की बीती रात लालकुआं से ऊंचगांव मार्ग पर स्थित धानीखेड़ा बड़े चौराहे पर श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी स्व. बिंदा प्रसाद उर्फ पांडे हलवाई के यहां चोरों ने लगभग 10 लाख से ऊपर नगदी व जेवर सहित माल पार कर दिया था। घर की मुखिया नीलम गुप्ता ने बताया कि परिवार के सभी लोग भोजन करने के बाद रात को लगभग 10:00 बजे प्रतिदिन की भांति अपने अपने कमरे में सोने चले गए। जिसमें छत के ऊपर एक कमरे में मैं सोने चली गई।

छत के ही दूसरे कमरे में बहू नेहा अपनी सात माह की पुत्री लाडो व नेहा की बड़ी बहन की लाबालिग पुत्री तान्या जो दो साल से यहीं रह कर पढ़ाई कर रही है के साथ सोने चली गई। तथा बड़ा पुत्र लालू जो कम बुद्धि का है वह नीचे कमरे में सोने चला गया था। जबकि एक बेटा धानीखेड़ा में चाऊमीन की दुकान लगाकर अलग एकाकी रहता है। गौरव कानपुर में नौकरी करता है। सुबह 6:30 बजे जब तान्या उठी तो देखा कि उसकी मौसी बैड के नीचे बेहोश पड़ी है। मौसी तथा नीलम गुप्ता के कमरे का सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जब लोक मित्र संवाददाता सहित उसकी स्थानीय टीम के साथ चोरी स्थल घर गए तो नीलम गुप्ता ने बताया कि आलमारी सहित सभी ताले घर की ही चाबियां से खोल कर चोरी की गई है। चोरों के घर में घुसने के विषय में जब जानकारी की गई तो बताया कि यह पता नहीं कैसे घर के अंदर आए। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक घटना की सूचना पर जिले से फिंगरप्रिंट व डाग स्वाट टीम आ कर सघन निरीक्षण किया। डाग लगातार घर में ही नीचे से ऊपर नेहा के कमरे में जा रहा था। डाग एक बार भी घर के बाहर नहीं गया। जिस पर जिला की दोनों टीम थाना अध्यक्ष के कान में कुछ कानाफूसी करके वापस जिले चली गई। श्रीमती नीलम गुप्ता ने बताया कि थानाध्यक्ष बारा सगवर ने बहू से चोरी की तहरीर बोल बोल कर लिखवा कर लेकर गए है।

और जांच करने की बात कही है। घर स्वामिनी की हालात चोरी की घटना से दयनीय है। रो रो कर उसका बुरा हाल है। वहीं भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार बहू नेहा द्वारा चोरी घटना कारित करने के पूर्व परिवारीजनों को बेहोश होने की दवा देकर की गई है। नाम न छापने की शर्त पर एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि थाना अध्यक्ष ने बहू नेहा के मोबाइल को चेक किया तो उसमें उनके मोबाइल से किसी अज्ञात शर्मा से रात को 11:00 के बाद 24 मिनट तक गुफ्तगू की गई है। तथा मोबाइल में नशीली गोलियो को सर्च भी किया जाना पाया गया है। इस तरह नेहा बहू ही इस चोरी में शामिल है। जिससे देवर को शादी में अपने व सास नीलम गुप्ता के जेवरात व रुपए न देना पड़े।

किंतु थाना अध्यक्ष द्वारा सब कुछ जानते हुए भी खुलासा न करने से लोगों का कहना है कि नेहा बहू को धमका कर पुलिस लेनदेन करके मामले को रखा दफा करने की फिराक में है। जबकि चोरी जैसी घटना का खुलासा हो शीघ्र हो जाने से लोगों में चोरी के विषय में औचित्यहीन रूप से फैल रहे भय और दहाशत कम होगा। थाना अध्यक्ष के मन में क्या है, इसका तो घटना के खुलासा के बाद ही रहस्य का पता चलेगा।

# ज़ुआरी इंडस्ट्रीज़ (एसपीई डिविज़न) ने उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल स्मार्ट कृषि की रणनीतियों पर दिया ज़ोर

संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** ज़ुआरी इंडस्ट्रीज़ (एसपीई-डिविज़न) ने गन्ने की भावी सुरक्षा उत्पादकता बढ़ाने एवं जलवायु के अनुकूल स्मार्ट कृषि की रणनीतियों' पर पहले गोलमेज सम्मेलन का सफल समापन किया। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन उत्तर प्रदेश के ऐरा स्थित गोबिंद शुगर मिल में 30 सितम्बर-1 अक्टूबर को किया गया। सम्मेलन में अग्रणी किसानों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं नीति निर्माताओं ने हिस्सा लिया तथा गन्ने की खेती में आने वाली मुख्य चुनौतियों तथा भावी विकास के लिए स्थायी रणनीतियों पर चर्चा की। खासतौर पर शुगर मिल एवं क्रॉस पॉलिनेशन वाले क्षेत्रों में फसल की उत्पादकता, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार लाना और पर्यावरण संरक्षण को



सुनिश्चित करते हुए गन्ना किसानों की चुनौतियों को हल करना इस गोलमेज सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था।

सम्मेलन के पहले दिन वीके शुक्ला, एडिशनल कैन कमिशनर एवं डायरेक्टर, यूपीसीएसआर, शहाजहांपुर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा सम्मेलन का उद्घाटन लखीमपुर के डीसीओ वेद प्रकाश सिंह की मौजूदगी में किया गया। सम्मेलन में तकरीबन 150 किसानों और प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे यूपीसीएसआर, आईसीएआर, सिंचाई विभाग, नेटाफिम, बलरामपुर चीनी, आईसीआरआईएसएटी आदि से 40 विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान हमारे मुख्य अतिथि, वी.के. शुक्ला, एडिशनल कैन कमिश्नर, लखनऊ एवं डायरेक्टर, यूपीसीएसआर ने कहा, ज़ुआरी के एसपीई डिविज़न ने गन्ने की भावी सुरक्षा पर इस सम्मेलन का आयोजन कर सराहनीय कदम बढ़ाया है। इस मंच पर किसान, कृषि विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक एकजुट हुए, जिन्होंने यूपी में गन्ना किसानों की चुनौतियों पर चर्चा की। अपने प्रयासों के माध्यम से ज़ुआरी एसपीई डिविज़न गन्ने की खेती की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को बढ़ावा देता है, साथ ही किसानों, उद्योग जगत, टेक्नोलॉजी आपूर्तिकर्ताओं एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच अच्छे कनेक्शन बनाने के लिए भी प्रयासरत है। मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन से मिली सीख अन्य उद्योगों को भी इस तरह के सत्र आयोजित करने, सभी हितधारकों में जानकारी के प्रसार एवं चर्चा के लिए प्रोत्साहित करेगी सम्मेलन के दौरान आलोक सक्सेना, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर एवं युनिट हैड, एसपीई डिविज़न ने कहा, गोलमेज सम्मेलन के पहले संस्करण को आयोजन करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो किसानों, वैज्ञानिकों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और नीतिनिर्माताओं को एक मंच पर लाया। इन सभी उपस्थितगणां ने गन्ने को मजबूत और हर मौसम की फसल में बदलने के लिए विचार रखे।

# शिक्षा संघर्ष मोर्चा द्वारा किया गया शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित



संवाददाता

**धौरहरा-खीरी।** खमरिया मे शिक्षा संघर्ष मोर्चा/फाउंडेशन महिला मोर्चा के द्वारा शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर महात्मा गाँधी,लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती के अवसर पर शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन (महिला मोर्चा )के द्वारा कस्बा खमरिया मे कौशल विकाश मिशन प्रांगण मे शिल्प प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि लेखिका दिव्या मीरा अर्क ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिल्प प्रतियोगिता मे छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनमोहक रंगोली, पेंटिग, मेहंदी मे प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड घड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम व्यवस्थापक शुभी मिश्रा, शिक्षा संघर्ष मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर,कौशल विकाश मिशन संचालक विजय दूबे, फाउंडेशन पदाधिकारी जितेन्द्र दीक्षित, विवेक सिंह,राजहंस मिश्रा,संजय दीक्षित,सहित पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

# सेल से आप भी खरीद सकते हैं बेहद कम कीमत में लैपटॉप



अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 सेल सभी मेंबर्स के लिए जारी है। गुरुवार को प्राइम मेंबर्स के लिए शुरू हुई ये सेल शुक्रवार को सभी मेंबर्स के लिए लाइव हो चुकी है। सेल में इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स पर भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। अमेजन की ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल में स्मार्टफोन से लेकर मोबाइल फोन के साथ आने वाली एक्सेसरी, ईयरबड्स, स्मार्टवॉच जैसे प्रोडक्ट्स पर आकर्षक छूट दी जा रही है। स्मार्टफोन्स इस सेल के हाइलाइट इलेक्ट्रॉनिक्स कहे जा सकते हैं, लेकिन लैपटॉप पर भी कंपनी अच्छा खासा डिस्काउंट दे रही है।

अगर आप भी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 सेल में एक अच्छा लैपटॉप खरीदना चाहते हैं जो 40 हजार की रेंज में हो, तो अमेजन पर इसके लिए बहुत सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर गजब डील्स हैं। लेकिन सही लैपटॉप का चुनाव करना भी जरूरी है।

**अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 सेल में एक अच्छा लैपटॉप खरीदना चाहते हैं जो 40 हजार की रेंज में हो, तो अमेजन पर इसके लिए बहुत सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर गजब डील्स हैं। लेकिन सही लैपटॉप का चुनाव करना भी जरूरी है।**

# मोबाइल यूजर्स के लिए बड़ी खबर!



अगर आप भी फोन यूज करते है, तो यह खबर आपके लिए है। दरअसल, 1 अक्टूबर से मोबाइल यूजर्स के लिए नए नियम लागू होने जा रहे हैं। सिम कार्ड और मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहे हैं। आइए जानते हैं क्या-क्या बदलाव हुआ।

मोबाइल यूजर्स जारा ध्यान दें, 1 अक्टूबर से सिम कार्ड और मोबाइल के प्रयोग को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। दरअसल, 1 अक्टूबर से मोबाइल यूजर्स के लिए नए नियम लागू होने जा रहे हैं। सिम कार्ड और मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहे हैं। ट्राई की तरफ से कहा गया है कि अब टेलीकॉम कंपनियों को ही अपने ग्राहकों को बताना होगा कि किसी इलाके में उनका नेटवर्क है या नहीं।

## सर्च ऐडस

ट्राई नें टिलीकॉम कंपनियों को नए नियम लागू करने को कहा?

हाल ही में ट्राई ने जियो, एयरटेल, वोडाफोन और बीएसएनएल को इससे संबंधित नया नियम लागू के लिए कहा है। आपके बता दें कि, एक ही कंपनी की तरफ से अलग-अलग नेटवर्क दिया जाता है, इसलिए किसी एरिया में 5जी नेटवर्क है तो ये जरुरी नहीं कि हर जगह ही 5जी नेटवर्क ही मिले।

## नेटवर्क की जानकारी टेलीकॉम कपनियां दें- ट्राई

कई बार होता है कि लोकेशन बदलने के साथ ही नेटवर्क की रेंज भी बदलती है। ट्राई ने कहा कि नेटवर्क की जानकारी अब कंपनियों को अपनी साइट पर देना जरुरी है। 1 अक्टूबर से सभी टेलीकॉम कंपनियां अपनी साइट पर एरिया के हिसाब से नेटवर्क की उपलब्धा की जानकारी जरुर दें। इसके बाद ग्राहक भी कंपनी की साइट पर जाकर ही चेक कर सकेंगे कि वे जहां रहते हैं कि वहां नेटवर्क हो या नहीं और कौन-सा 5जी है या 4जी।

# विवेक ने बिना नाम लिए सलमान पर साधा निशाना!



हाल ही में आयोजित हो रहे आईफा अवॉर्ड 2024 से आ रहे कई वीडियोज सुर्खियों में है। इस दौरान विवेक ओबेरॉय का भी एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वो शाहरुख खान की तारीफों के पुल बांधते हुए नजर आए हैं। हालांकि उनके मंच पर दिए गए बयान को सलमान खान से जोड़कर देखा जा रहा है। फैंस का मानना है कि विवेक ने बिना नाम लिए सलमान पर निशाना साधा है।

वायरल हो रहे वीडियो में विवेक ओबेरॉय मंच पर शाहरुख खान के साथ नजर आ रहे हैं। इस दौरान शाहरुख की तारीफ में विवेक ने कहा है, ये आदमी, मैं सच कह रहा हूं, ये सिर्फ ऑन स्क्रीन किंग नहीं बल्कि ये ऑफ स्क्रीन भी किंग ऑफ हार्ट हैं। कई लोगों के पास फेम और पावर है, लेकिन जो आपकी सबसे स्पेशल बात है, वो ये कि आपने अपने पावर का इस्तेमाल लोगों को आगे बढ़ाने के लिए किया है।विवेक की तारीफ सुनकर शाहरुख खान ने भावुक होकर कहा है, अभी तुमने और बोला तो ये अवॉर्ड मैं खुद रख लूंगा। वीडियो सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि विवेक ने बिना किसी का नाम लिए सलमान खान पर निशाना साधा है। क्योंकि विवेक कई बार ये दावा कर चुके हैं कि सलमान खान ने अपने पावर का इस्तेमाल कर उन्हें कई फिल्मों से निकलवाया था, जिससे उनका करियर बर्बाद हो गया है।

बताते चलें कि एक समय में सलमान खान से ब्रेकअप के बाद ऐश्वर्या राय का नाम विवेक ओबेरॉय से जुड़ा था। इस दौरान विवेक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि सलमान उन्हें लगातार धमकियां दे रहे हैं।आईफा अवॉर्ड 2024 का आयोजन 27-29 अक्टूबर तक अबू धाबी में हुआ है।

# अनार के छिलके का चमत्कार देखकर आप भी हो जाएंगे दंग





आपके घर पर अनार आते हैं लेकिन उनके छिलके फेंक देते हैं तो ऐसा बिल्कुल न करें। अनार के छिलकों को फेंक नहीं, इसका इस्तेमाल स्किन केयर में कई तरीकों से किया जा सकता है। अनार के छिलके आपके चेहरे की चमक बढ़ाने के काम आते हैं। आइए कैसे इसका यूज करें।

बिजी लाइफस्टाइल के चलते आजकल लोगों के पास अपने स्किन केयर के लिए भी टाइम नहीं है। ऐसे में हम सभी महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं और ब्यूटी सैलून से स्किन ट्रीटमेंट कराते है। स्किन ट्रीटमेंट के बाद त्वचा में निखार तो आता लेकिन केमिकल की वजह से कुछ दिन बाद त्वचा बेजान और रंगत खो देती है।कई बार तो चेहरे पर पिंपल्स निकलने लगते हैं। इससे बेहतर है घरेलू उपाय से स्किन को ग्लोइंग बनाना। वैसे तो अनार के दाने खाना सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसी के साथ इसके छिलकों को भी इस्तेमाल किया जा सकता है। अनार के छिलके आपके चेहरे की चमक बढ़ाने के काम आते हैं। आइए कैसे इसका यूज करें।

**अनार के छिलको का इस्तेमाल ऐसे करें**

स्किन पर अनार के छिलकों को इस्तेमाल करने के लिए आप पहले अनार के छिलकों को लें और इसे अच्छी तरह से धो लें। इसे आप एक छनी में डालें और इसका सारा पानी पूरी तरह से निकल दें। इसके बाद छिलकों को एक सूती कपड़े पर फैलाएं और अच्छी तरह से सूखने के लिए रख दें। आप इसे धूप में सुखाएं। ये जब अच्छे से सूख जाए और एकदम कड़क हो जाए। इसके बाद आप इनको मिक्सर में डालकर पाउडर बना लें। अब इस पाउडर का यूज आप घरेलू रेमेडीज में कर सकते हैं।

**इन तरीकों से अनार के छिलकों का प्रयोग करें**

**दही में मिलाएं**

एक चम्मच पाउडर को डेढ़ चम्मच दही के साथ मिलाएं। अच्छे से मिक्स करने के बाद इसे अपने पर लगा लें। 10 मिनट लगा रहने के बाद इसे हाथों से गीला करें और फिर चेहरे की मसाज करते हुए हटा दें।

**ओट्स के साथ इस्तेमाल करें**

इतना ही नहीं, चेहरे को स्क्रब करने के लिए आप इसे ओट्स के साथ मिला सकते हैं। इसके लिए ओट्स पाउडर, अनार छिलके का पाउडर, शहद और दूध के साथ मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और स्क्रबिंग करें। डेड स्किन निकालने और दाग-धब्बे हटाने का ये अच्छा तरीका है।

**गुलाब जल के साथ मिलाएं**

फेस पैक बनाने के लिए अनार के छिलकों को गुलाब जल के साथ भी मिक्स कर लें।

# दूर होगा हाथों-पैरों और गर्दन का कालापन



आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसे नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से आपके शरीर के डार्क पार्ट्स की डेड स्किन क्लीन हो जाएगी और स्किन साफ नजर आएगी।

हम सभी लोग फेस को साफ करने के लिए कितनी ही चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन हाथ-पैर और गर्दन जैसे अन्य काले हिस्सों को साफ करना भूल जाते हैं। जब हम इन जगहों को साफ करते हैं, तो भी उन जगहों पर कालापन रह जाता है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसे नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से आपके शरीर के डार्क पार्ट्स की डेड स्किन क्लीन हो जाएगी और स्किन साफ नजर आएगी। आइए जानते हैं इन 3 नुस्खों को बनाने और इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में...

ईनो से दूर होगा कालापन

इनो में ब्लीचिंग गुण पाए जाते हैं। इसलिए यह कालेपन को दूर करने में फायदेमंद साबित होता है। आप इसको कई तरीके से इस्तेमाल कर सकते है। यह नुस्खा बहुत असरदार है, तो आइए जानते हैं इसकी सामग्री और इसको अप्लाई करने के तरीके के बारे में...

**सामग्री**

ईनो- 1 पैकेट
पानी- 1 कटोरी
बेसन- 1 चम्मच
शैम्पू- 1 पैकेट
नारियल का तेल- 2 चम्मच
नींबू का रस- 1 चम्मच

ऐसे करें अप्लाईएक कटोरी में पानी लें और उसमें इनो मिक्स कर लें।

फिर इसमें बेसन, नारियल का तेल, शैंपू और नींबू का रस डालकर इसे अच्छे से मिक्स कर लें।

अब इस लेप को अपनी गर्दन, घुटनों और हाथ-पैरों पर अप्लाई करें।

गर्दन को साफ करने के लिए आप स्पंज का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

वहीं पुराने ब्रश की मदद से पैरों को रगड़ कर साफ करें।

फिर 5 मिनट तक काले हिस्से को रगड़ने के बाद पानी से साफ कर लें।

इस नुस्खे को अपनाने से आपको पहली बार में ही रिजल्ट देखने को मिलेगा।

**चावल का आटा**

आप में से बहुत सारे लोग चाहते हैं कि शरीर का हर हिस्सा साफ रहे और निखरी हुई नजर आए। इसके लिए चावल के आटे से आप हाथ-पैरों के कालेपन को दूर करने का तरीका बताने वाले हैं। आइए जानते हैं इस नुस्खे की सामग्री के बारे में।

सामग्री

चावल का आटा- 1 चम्मच
कॉफी पाउडर- 1 चम्मच
बेकिंग सोडा- 1/2 चम्मच
आधे नींबू का रस
गुलाब जल- जरूरत अनुसार

**ऐसे करें अप्लाई**

सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्रियों को उचित मात्रा में डालकर मिला लें।

फिर लास्ट में जरुरत अनुसार 2 बड़ा चम्मच गुलाबजल डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें और पेस्ट तैयार कर लें।

अब इस पेस्ट को शरीर के काले गहरे हिस्सों पर 10 मिनट के लिए अप्लाई करें फिर सूखने के बाद इसको धो लें।

इस तरह से आपकी स्किन निखर जाएगी और आप सप्ताह में दो बार इस नुस्खे को ट्राई कर सकते हैं।

**नींबू का छिलका**

बता दें कि नींबू में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। जो स्किन ब्राइटनिंग का काम करता है। ब्लीचिंग के गुण वाले नींबू का इस्तेमाल से डेड स्किन रिमूव होती है और डार्क ओपन एरिया को लाइट करता है।इसके लिए आप बस करना ये है कि निचोड़े हुए नींबू के छिलकों को फेंके नहीं बल्कि इसे अपनी कोहनी और घुटनों पर घिसें। रोजाना ऐसा करने से डेड स्किन हटने लगेगी और हाथ-पैर साफ होने लगेंगे।

# स्किन केयर के ये 4 प्रोडक्ट त्वचा को कर देते हैं बर्बाद



डर्मेटोलॉजिस्ट स्किन केयर के इन प्रोडक्ट्स को यूज करने से मना करती हैं। लेकिन हम आपको स्किन के ऐसे 4 प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप स्किन की बेहतरी के लिए करते हैं, लेकिन यह आपकी त्वचा को सिर्फ नुकसान पहुंचाते हैं।

आजकल लगभग सभी लोग अपनी स्किन की इतनी ज्यादा फिक्र करते हैं कि बिना डॉक्टर की सलाह लिए ऐसी चीजों का इस्तेमाल करने लगते हैं, जो आपकी त्वचा को बर्बाद करने लगती हैं। फिर भले ही इन चीजों को अच्छा बताकर इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन डर्मेटोलॉजिस्ट स्किन केयर के इन प्रोडक्ट्स को यूज करने से मना करती हैं। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्किन के ऐसे 4 प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप स्किन की बेहतरी के लिए करते हैं, लेकिन यह आपकी त्वचा को सिर्फ नुकसान पहुंचाते हैं।

**फुट स्क्रबर**

कई महिलाएं डेड स्किन सेल्स और काली स्किन वाली एड़ी को साफ करने के लिए फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन यह आपकी एड़ियों की हालत ज्यादा खराब कर सकता है। इसलिए बेहतर है कि आप गर्म पानी में पैरों को भिगोकर सॉफ्ट तौलिए से पोछ लें। फिर पैरों में फुट क्रीम लगाएं। फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करने से आपकी एड़ियां ज्यादा फट सकती हैं।

**लूसा**

अधिकतर घरों के बाथरूम में लूफा रखा होता है। जिसको नहाने के समय त्वचा को साफ करने के लिए यूज करते हैं। डर्मेटोलॉजिस्ट की मानें, तो यह हमारी स्किन के लिए बहुत नुकसानदेह होता है। इसकी जगह आप [illegible] और [illegible] वाले जेंटल एक्सफोलिएशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप बॉडी पर लूफा का इस्तेमाल करती हैं, तो यह आपके शरीर पर डार्क स्पॉट को ज्यादा खराब कर सकता है।

**फेस क्लींजर**

आजकल स्किन केयर से जुड़े कई टूल्स मार्केट में आ गए है। जिनमें से एक टूल्स फेस क्लींजर है। यह फेस को गहराई से साफ करने में मदद करता है। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है।

अगर आप फेस क्लींजर से चेहरे को साफ करते है तो इसका ब्रश आपकी त्वचा के लिए बहुत हार्ड होता है और आप स्किन को डैमेज कर सकता है। फेस क्लीन करने के लिए आपको हाथों का इस्तेमाल करना चाहिए। आप चाहें तो फेस क्लीन करने के लिए डबल क्लींजिंग कर सकते है। इसके अलावा फोम वाले फेस वॉश का भी यूज कर सकती है।

**क्यूटिकल कटर या पुशर**


बता दें कि क्यूटिकल कटर या पुशर का इस्तेमाल पहले सिर्फ पार्लर में किया जाता था, लेकिन अब लोग घर में भी इसका इस्तेमाल करने लगे हैं। हमारे नाखूनों की जड़ों पर जो स्किन होती है, उसको क्यूटिकल कहते हैं। इसलिए क्यूटिकल कटर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# ऑफिस गरबा-डांडिया नाइट में दिखना चाहते हैं स्टाइलिश तो इन आउटफिट्स को जरुर ट्राई करें









नवरात्रि शुरु होने में दिन ही कितने रह गए है। नवरात्रि त्योहार शुरु होते ही जगह-जगह गरबा और डांडिया नाइट के कार्यक्रम होते हैं। अगर आपके ऑफिस में भी डांडिया नाइट का आयोजन होता है और आप भी महफिल की जान बनना चाहती है तो आप भी इन आउटफिट्स को जरुर ट्राई करें।

नवरात्रि का पर्व पूरे देश में बड़े ही उत्साह से बनाया जाता है। पूरे भारत में मां दुर्गा के पंडाल लगते हैं और गरबा-डांडिया नाइट का आयोजन होता है। इस दौरान महिलाएं लहंगा चोली ही पहनना पसंद करती हैं। हांलाकि जब ऑफिस में गरबा-डांडिया नाइट का आयोजन होता है तो महिलाएं कंफ्यूज होती है कि वह क्या पहनें। इस दौरान आप फ्यूजन आउटफिट्स पहन सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ यूनिक आउटफिट्स, जिसे आप डांडिया और गरबा नाइट में पहन सकते हैं।

**जींस पर पहनें साड़ी**

आजकल जींस के ऊपर साड़ी पहनने का स्टाइल काफी चल रहा है। कई एक्ट्रेसेस भी इस स्टाइल को अपना चुकीं हैं और आप भी इस ट्रेंड को अपना सकते हैं। परफेक्ट वेस्टर्न लुक पाने के लिए आप ये आउटफिट जरुर ट्राई करें।

**गुजराती स्कर्ट के साथ शर्ट**

अगर आप भी ऑफिस की गरबा-डांडिया नाइट की महफिल लूटना चाहती हैं, तो आप गुजरात स्कर्ट के साथ आप शर्ट जरुर पहनें। आप व्हाइट शर्ट नॉट बांधकर काफी अच्छी लगती हैं। इसके साथ ही आप कलरफुल मैचिंग स्कर्ट भी पहन सकते हैं। साथ ही आप सिल्वर जूलरी कैरी करें। इस लुक में सिल्वर नेकपीस और ईयररिंग्स अच्छे लगेंगे। आप बोहो लुक के लिए नोजपिन भी लगा सकते हैं।

**धोती पैंट और पेपलम कुर्ती**

डांडिया-गरबा नाइट के लिए धोती पैंट और पेपलम कुर्ती भी एक बेहतरीन विकल्प है। इसको आप ऑफिस में होने वाले फंक्शन के लिए कैरी कर सकते हैं। इस प्रकार के आउटफिट में आपको ट्रेंडी और कम्फर्टेबल लुक मिलेगा। इस आउटफिट के साथ आप झुमके कैरी कर सकते हैं।

**बांधनी साड़ी**

अगर आप ऑफिस के गरबा-डांडिया नाइट में सबसे बेहतरीन दिखना चाहते हैं, तो आप ऑफिस के फंक्शन में इस तरह की साड़ी को कैरी कर सकते हैं। इस साड़ी में आप क्लासी लुक दिखता है। जूलरी पहनकर आप एकदम खूबसूरत नजर आएंगे।